वार्षिक प्रतिवेदन

और

लेखापरीक्षित लेखा विवरण

2019-20

राष्ट्र की सेवा में परमाणु

भौ सं
IOP

ATOMS IN THE SERVICE OF THE NATION

भौतिकी संस्थान
Institute of Physics

भौतिकी संस्थान
भुवनेश्वर

वार्षिक प्रतिवेदन

और

लेखापरीक्षित लेखा विवरण

2019-20

भौतिकी संस्थान

भुवनेश्वर

भौतिकी संस्थान

सचिवालय मार्ग

डाक : सैनिक स्कूल

भुवनेश्वर - 751 005

ओड़िशा, भारत

दूरभाष : +91-674- 2306 400/444/555

फैक्स : +91-674- 2300142

यूआरएल : http://www.iopb.res.in

संपादक मंडल

डॉ. सत्यप्रकाश साहु

डॉ. अरुण कुमार नायक

डॉ. अरिंजित साहा

डॉ. बासुदेव मोहांति, पुस्तकालयाध्यक्ष

श्री आर.के.रथ, रजिस्ट्रार

द्वारा प्रकाशित

सुश्री लिपिका साहु

द्वारा संकलित

श्री भगबान बेहेरा

द्वारा हिंदी अनुवाद

विषय-सूची

संस्थान के बारे में ..... (iv)

शासी परिषद ..... (v)

निदेशक की कलम से ..... (vii)

भाग I : वार्षिक रिपोर्ट 1-150

1. शैक्षणिक कार्यक्रम 01-06

2.. अनुसंधान 07-58

3.. प्रकाशन 59-76

4.. परिसंवाद और संगोष्ठियाँ... 77-98

5.. सम्मेलन तथा अन्य घटनाक्रम 99-106

6. अन्य गतिविधियाँ 107-126

7. सुविधाएँ 127-142

8. कार्मिक 143-150

भाग II : लेखा परीक्षित लेखा विवरण 151-188

क. लेखापरीक्षक का निष्पक्ष रिपोर्ट 154

ख. लेखापरीक्षक का अवलोकन तथा संलग्नक 157

ग. वित्तीय विवरण 178

घ. की गई कार्रवाई रिपोर्ट 187

संस्थान के बारे में

भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर, परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) भारत सरकार का एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान है । इस संस्थान की स्थापना सन् 1972 में उड़ीसा सरकार द्वारा की गयी थी, और यह संस्थान उनसे निरन्तर वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहा है।

इस संस्थान में, सैद्धांतिक और परीक्षणात्मक संघनित पदार्थ भौतिकी, सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी, और स्ट्रिंग सिद्धांत, सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी, परा-आपेक्षिकीय भारी आयन संघट्टन और खगोल कण, क्वांटम सूचना, और उच्च ऊर्जा नाभिकीय भौतिकी प्रयोगात्मक के क्षेत्रों में आकर्षक अनुसंधान कार्यक्रम है। त्वरित्र सुविधाओं में से 3MV पैलेट्रॉन त्वरक और एक निम्न ऊर्जा रोपण उपकरण हैं । इन उपकरणों का प्रयोग निम्न ऊर्जा नाभिकीय भौतिकी, आयन किरणपुंज अंतक्रियायें, पृष्ठीय परिवर्तन एवं विश्लेषण, लेश तात्विक विश्लेषण, द्रव्यों का चरित्र चित्रण एवं काल प्रभावन आदि के अध्ययन होता है। काल निर्धारण के लिए बाह्य शोधकर्ताओं से नियमित रूप से नमूनें स्वीकार करके रेडियोकार्बन एएमएस उपकरण का प्रयोग किया जाता है । साधारणत: नैनोविज्ञान एवं नैनोप्रौद्योगिकी क्षेत्र और विशेषकर पृष्ठीय तथा अंतरापृष्ठीय में अध्ययन करने में हमारे संस्थान का स्थान महत्वपूर्ण है । इस संस्थान में नमूनें तैयार करने और नैनोसंरचनाओं के विभिन्न भौतिकी तथा रासायनिकी गुणधर्मों के अध्ययन के लिए संघनित पदार्थ प्रणालियों के प्रगत उपकरण उपलब्ध है। यह संस्थान सर्न (स्विटजरलैंड), बीएनएल (यूएसए), एएनएल (यूएसए), जीएसआई (जर्मनी) स्थित और विदेशों में स्थित अन्य प्रयोगशालाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है । यह संस्थान भारत-आधारित न्यूट्रॉनों प्रयोगशाला (आईएनओ) कार्यक्रम में भी भाग ले रहा है ।

यह संस्थान एक एक वर्षीय प्रि-डाक्टोराल पाठ्यक्रम को पूरा करने के बाद पीएचडी कार्यक्रम प्रदान करता है। प्री-डाक्टोराल पाठ्यक्रम में प्रवेश का चयन संयुक्त प्रवेश परीक्षा (JEST) द्वारा होता है। सीएसआईआर,यूजीसी,एनईटी परीक्षा में उत्तीर्ण तथा जीएटीइ परीक्षा में अच्छे अंक पाने वालों को भी प्रि-डाक्टोराल कार्यक्रम में प्रवेश दिया जाता है। सफलता पूर्वक कार्यक्रम पूरा करने पर पीएच.ड़ी उपाधि होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (एचबीएनआई), मुंबई द्वारा दी जाती है।

संस्थान के परिसर में ही कर्मचारियों के लिए आवास और अध्येताओं और पोस्ट डाक्टोराल फेलों के लिए होस्टल की सुविधा उपलब्ध हैं। पोस्ट डाक्टोराल फेलों और परिदर्शक वैज्ञानिकों के लिए मनोहर दक्षता आपार्टमेंट भी मौजूद हैं । परिसर में इंडोर तथा आऊटडोर दोनों की खेल सुविधायें उपलब्ध हैं। न्यू होस्टल में छोटी सी जिम की सुविधा भी उपलब्ध है। इस संस्थान के परिसर में एक अतिथि भवन, एक सभागार और एक औषधालय हैं ।

वर्ष 2019-20 के लिए शासी परिषद के अध्यक्ष और सदस्यगण

श्री. के. एन. व्यास अध्यक्ष (पऊआ) और सचिव (पऊवि) , परमाणु ऊर्जा विभाग, अणुशक्ति भवन, छ. शि. म. मार्ग, मुंबई-400001	:	अध्यक्ष
डॉ. एस. एम.युसूफ, निदेशक, भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर (23.01.2020 से)	:	सदस्य
प्रो. सुधाकर पंडा, निदेशक निदेशक, भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर (22.01.2020 तक)	:	सदस्य
प्रो. पिनाकी मजूमदार, निदेशक, हरिश-चंद्र अनुसंधान संस्थान, छटनगर रोड़, झुंसी, इलाहाबाद -211019	:	सदस्य
प्रो. गौतम भट्टाचारजी, निदेशक साहा नाभिकीय भौतिकी संस्थान, सेक्टर-1, ब्लॉक-ए/एफ, विधान नगर, कोलकाता -700064	:	सदस्य
प्रो. सुधाकर पंडा, निदेशक राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, डाक : जटनी, जिला-खोरधा-752050	:	सदस्य
डॉ. शशांक चतुर्वेदी, निदेशक प्लाज्मा अनुसंधान संस्थान, भट ग्राम, इंदिरा ब्रिज के पास, गांधीनगर -382428.	:	सदस्य
श्री ए. आर. सुले, आईडीएएस, संयुक्त निदेशक (अ तथा वि), परमाणु ऊर्जा विभाग, अणुशक्ति भवन, छ. शि. म. मार्ग, मुंबई -400001	:	सदस्य
श्रीमति रिचा बागला, भाप्रसे,संयुक्त सचिव (वित्त), परमाणु ऊर्जा विभाग, अणुशक्ति भवन, छ. शि. म. मार्ग, मुंबई -400001	:	सदस्य
श्री देवरंजन कुमार सिंह, भाप्रसे (09.08.2019 से) आयुक्त-सह- सचिव, विज्ञान तथा तकनीकी विभाग, ओड़िशा सरकार, भुवनेश्वर -751001.	:	सदस्य
श्री भाष्कर ज्योति शर्मा, भाप्रसे (08.08.2019 तक) प्रमुख सचिव, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, ओड़िशा सरकार, भुवनेश्वर -751001.	:	सदस्य
प्रो. सूर्य नारायण नायक, स्नातकोत्तर भौतिक विज्ञान विभाग, संबलपुर विश्वविद्यालय, ज्योति विहार, संबलपुर-768019.	:	सदस्य
प्रो. सुकांत कुमार त्रिपाठी, स्नातकोत्तरभौतिक विज्ञान विभाग, ब्रह्मपुर विश्वविद्यालय, भंज विहार, गंजाम-760007	:	सदस्य

शासी परिषद के सचिव

श्री आर.के. रथ, रजिस्ट्रार
भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर -751005

निदेशक की कलम से. . . .

भौतिकी संस्थान (आईओपी), भुवनेश्वर का वर्ष 2019-20 के लिए वार्षिक प्रतिवेदन और लेखापरीक्षित लेखा विवरण प्रस्तुत करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। मैं सभी संकाय सदस्यों, शोधछात्रों, कर्मचारियों और आईओपी समुदाय के शुभचिंतकों को उनके पूर्ण सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद देना चाहूंगा ।

यह वार्षिक प्रतिवेदन शैक्षणिक, अनुसंधान और शिक्षण से संबंधित हमारी गतिविधियों को प्रदर्शित करता है, आईओपी के सदस्यों के उपलब्धियों और कार्यनिष्पादनों को प्रस्तुत करता है। भौतिकी संस्थान, परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के तहत एक स्वंयशासी प्रमुख अनुसंधान संस्थान है। इसके वैज्ञानिकगण प्रायोगिक के साथ सैद्धांतिक भौतिकी अर्थात् सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी, सैद्धांतिक संघनित पदार्थ भौतिकी, सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी, प्रायोगिक संघनित पदार्थ भौतिकी, प्रायोगिक उच्च ऊर्जा भौतिकी और क्वांटम सूचना के अग्रणी अनुसंधान में जुड़े हैं।

अनुप्रयुक्त और मौलिक भौतिक विज्ञान में अनुसंधान गतिविधियों की उच्च गुणवत्ता को दर्शाते हुए, इस साल आईओपी के सदस्यों ने उच्च मानक अंतरराष्ट्रीय पीर-रिव्यूड पत्रिकाओं में 132 शोधलेखों को प्रकाशित किया है। 132 प्रकाशनों में से 22 शोधलेख उन पत्रिकाओं में प्रकाशित हुआ है जिनके प्रभाव कारक 5 से अधिक हैं, अर्थात् एडवांस मेटरिएल्स (प्रभाव कारक >27), नेचर फिजिक्स (प्रभाव कारक >16) , नेचर कम्युनिकेशन्स (प्रभाव कारक >11) आदि। भौतिक विज्ञान के महत्वपूर्ण अग्रणी क्षेत्रों में संस्थान द्वारा बड़ी संख्या में संगोष्ठियाँ, परिसंवाद और कार्यशालायें आयोजित किया गया.संस्थान के सदस्यगण सक्रिय रूप से परस्पर चर्चा करते हैं, अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के वैज्ञानिकों के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान में शामिल हुए हैं। इस वर्ष के दौरान, आईओपी के सदस्यों ने 52 आमंत्रित वार्ता/परिसंवाद/ सेमीनॉर और 14 लोकप्रिय विज्ञान वार्ता प्रदान किया है। भारत और विदेश के प्रतिष्ठित अतिथि वैज्ञानिकों ने 64 सेमीनॉर, परिसंवाद, प्रगत व्याख्यानों और लोकप्रिय वार्तायें प्रदान की हैं । उच्च ऊर्जा भौतिकी दल के एक सदस्य, प्रो. संजीव कुमार अगरवाला ने वर्ष 2018 के लिए भौतिक विज्ञान में प्रतिष्ठित बी.एम. बिरला विज्ञान पुरस्कार जीता है (2019 में पुरस्कृत किया गया) ।

संस्थान विद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और आम लोगों के पास विज्ञान और विज्ञान स्वभाव को पहुंचाने के लिए एक प्रभावी आउटरीच कार्यक्रम आयोजन करता है। हमारे सदस्यगण उत्साहपूर्वक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजन करते हैं और ओपन हाउस के दिनों में लोकप्रिय वैज्ञानिक वार्तायें प्रदान करते हैं और प्रगत प्रायोगिक प्रयोगशालाओं के सिद्धांतों एवं उपयोगिताओं की व्याख्या करते हैं और परिदर्शन विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रयोगशालाओं का परिभ्रमण कराते हैं। विभिन्न अवसरों पर विद्यार्थियों और आम जनता के लिए ऑप्टिकॉल दूरबीन की सहायता से रात्रिकालीन आकाश दर्शन जैसी गतिविधियाँ भी आयोजित करते हैं। संस्थान ने अपने 45वें स्थापना दिवस 4 सितम्बर 2019 को मनाया जिसमें प्रो. अशोक कुमार दास, प्रतिष्ठित भौतिकविद्,भूतपर्व वैज्ञानिक-बीएआरसी और पूर्व कुलपति, उत्कल विश्वविद्यालय और उपाध्यक्ष, राज्य उच्च शिक्षा परिषद, ओड़िशा ने इस समारोह में मुख्य अतिथि थे। अन्य गतिविधियों में, संस्थान हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए पऊवि द्वारा पुरस्कृत हुआ है। इस वर्ष के दौरान, आईओपी पुस्तकालय ने केओएचए एकीकृत पुस्तकालय प्रबंधन प्रणाली (आईएलएमएस) के माध्यम से "स्मार्ट लाईब्रेरी सल्युशन" सफलतापूर्वक लागू किया है।

Covid-19 महामारी के चलते, यह मुश्किल समय है। मेरा विश्वास है कि संस्थान के सदस्यगण देखभाल के साथ, कुशलतापूर्वक काम करेंगे और इन चुनौतीपूर्ण समय को सफलतापूर्वक पार करने में सक्षम होंगे।

मैं आईओपी के सभी हितधारकों और शासी परिषद को हार्दिक बधाई देना चाहता हूं जिनसे हमने समर्थन और प्रोत्साहन प्राप्त किया है। मैं उन सदस्यों के प्रयासों को भी स्वीकार करना चाहूंगा जिन्होंने इस वार्षिक प्रतिवेदन के प्रकाशन के लिए बहुत मेहनत किया है।

Md. Yusuf

प्रो. एस. एम. यूसुफ
निदेशक, आईओपी

परमाणु ऊर्जा विभाग की परिकल्पना में भौतिकी संस्थान (आईओपी) का योगदान

भौतिकी संस्थान, परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत एक प्रमुख शोध संस्थान होने के नाते, भौतिकी के प्रमुख क्षेत्रों में बुनियादी और अनुप्रयुक्त अनुसंधान में परमाणु ऊर्जा विभाग की भागीदारी में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। यह संस्थान अंतरराष्ट्रीय स्तर प्रशंसित कई अग्रणी समूह सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिक विज्ञान और स्ट्रिंग सिद्धांत, सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिक विज्ञान, अल्ट्रा सापेक्षिकीय भारी आयन टकराव और ब्रह्मांड विज्ञान, क्वांटम सूचना, परीक्षणात्मक उच्च ऊर्जा भौतिक विज्ञान और सैद्धांतिक एवं परीक्षणात्मक संघनित पदार्थ भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में जीवंत अनुसंधान में शामिल है । इसके अलावा, यह संस्थान सक्रिय रूप से सर्न (स्वीटजरलैंड), बीएनएल (यूएसए), एएनएल (यूएसए), जीएसआई (जर्मनी) और विदेश स्थित अन्य प्रयोगशालाओं के साथ शामिल है । यह संस्थान भारत आधारित न्यूट्रिना वेधशाला से संबंधित विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों में भी भाग ले रही है। भौतिकी संस्थान की अनेक प्रगत अनुसंधान सुविधाएं हैं जिसमें शामिल हैं 3एमवी पैलेट्रॉन कणिका त्वरक जिसको विभिन्न संस्थानों, आईआईटी और विश्वविद्यालयों से लगभग 80 समूहों द्वारा प्रति वर्ष इस्तेमाल होते हैं । इनमें से कई सुविधाओं का उपयोग वर्तमान में ताजा और बाह्य वस्तु प्रणालियाँ जैसे कि क्वांटम वस्तुएं, सौर सामग्रियां, नैनो प्रणालियाँ आदि में अनुप्रयुक्त अनुसंधान के लिए किया जाता है ।

भौतिकी संस्थान का भी एक महत्वपूर्ण और बहुत सक्रिय आउटरीच कार्यक्रम है, जो परमाणु ऊर्जा विभाग की विजन के अनुरूप है, जो समाज की भलाई के लिए परमाणु ऊर्जा का परिचय प्रदान करता है । इस कार्यक्रम के अंश के रूप में विद्यालय और महाविद्यालय के छात्रों को पूरा करने के लिए बहुत सारी गतिविधियाँ की जा रही हैं। यह संस्थान प्रौद्योगिकी, कृषि और उद्योग के क्षेत्र में बीएआरसी प्रौद्योगिकियों के प्रसार के लिए पऊवि द्वारा आरंभ किया किया एकेआरयूटीआई को लोकप्रिय कराने में भी शामिल है।

वर्ष 2019-20 के लिए आईओपी का वार्षिक प्रतिवेदन का संक्षिप्त सारांश

भौतिकी संस्थान (आईओपी), भुवनेश्वर भौतिक विज्ञान के मौलिक तथा अनुप्रयुक्त क्षेत्र में अनुसंधान के लिए एक प्रमुख केंद्र है। भौतिक विज्ञान के निम्नलिखित व्यापक क्षेत्र में अनुसंधान किया जा रहा है जिनका नाम है-सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी, सैद्धांतिक संघनित पदार्थ भौतिकी, सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी, प्रयोगात्मक उच्च ऊर्जा भौतिकी और क्वांटम सूचना आदि।

आईओपी में, सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी में हो रहे अनुसंधान के व्यापक क्षेत्र में स्ट्रिंग सिद्धांत, उच्च ऊर्जा भौतिकी परिघटना विज्ञान और ब्रह्मांड विज्ञान शामिल हैं । स्ट्रिंग सिद्धांत पर किये जा रहे अनुसंधान मुख्यत : ब्लॉक होल्स की विशेषताओं, AdS में होलोग्राफिक करेंसपंडेस और एसीम्पोटिकॉली फ्लॉट स्पेस, मजबूती से युग्मित सिद्धांत में AdS-CFT दैतता के अनुप्रयोग और क्वांटम सूचना सिद्धांत एवं स्ट्रिंग सिद्धांत के बीच पारस्परिक क्रिया पर महत्व दिया जाता है। उच्च ऊर्जा भौतिकी परिघटना विज्ञान की गतिविधियों के माध्यम से कोलाइडर भौतिकी, न्यूट्रिनो भौतिकी, डार्क मैटर, खगोलकणिका भौतिकी और स्टांडार्ड मॉडल के बाद भौतिकी पर विशेष जोर देता है। अनुसंधान का मुख्य एवं महत्वपूर्ण लक्ष्य है कणिका भौतिकी में चल रहे और आने वाले विभिन्न परीक्षणों के विभिन्न संभाव्य भौतिकी की खोज करना है, जैसे कि एलएचसी, प्रस्तावित AdS-CFT कोलाइडर, सीएलआईसी, आईएलस भारत आधारित न्यूट्रिनो वेधशाला (आईएनओ), डीयूएनइ और हाइपर कामियोकांडे । यह समूह क्वार्क ग्लुऑन प्लाज्मा, ब्रह्मांडकीय विज्ञान और खगोलकणिका भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। इस क्षेत्र में मुख्य फोकस प्लाज्मा के प्रवाह को समझने के लिए क्वार्क ग्लुऑन प्रावस्था संक्रमण के अनुकार और मैग्नेटोडायनामिक्स पर दिया जाता है। इस समूह के सदस्यगण डार्क मैटर, डार्क एनर्जी, बेरियोजेनेसिस गुरुत्वाकर्षणीय तरंगों की विशेषतायें और पहचान जैसे खगोलकणिका भौतिकी में उभरते मुद्दों का अध्ययन कर रहे हैं। हाल ही में, उच्च ऊर्जा भौतिकी समूह के सदस्यों में से एक सदस्य प्रो. संजीव कुमार अगरवाला ने वर्ष **2018** के लिए **2019** में घोषित प्रतिष्ठित बी.एम. बिरला विज्ञान पुरस्कार भौतिक विज्ञान में जीता है।

भौतिकी संस्थान का संघनित पदार्थ सैद्धांतिक समूह सक्रिय रुप से अनुसंधान के काम में लगा हुआ है, उनके द्वारा किये जा रहे अनुसंधान का मुख्य क्षेत्र है बैक्टिरआ क्रोमोजोम के संगठन को समझना, सक्रिय पदार्थ, उच्चावचन सिद्धांत, क्वांटम संघनित पदार्थ प्रणालियों के टोपोलॉजिकल पहलूओं, Dirac/Wey 1 वस्तुओं में

क्वांटम परिवहन, व्वांटम चुवंकीयता, मजबूत सहसंबंध प्रणालियां आदि। पिछले वर्ष के दौरान सैद्धांतिक मॉडलिंग और परीक्षणात्मक समूह की सहायता से, इस समूह के सदस्यों ने बैक्टरियल न्यूक्लिएड गहन की माक्रो-मोलक्यूलॉर क्राउडिंग माध्यस्थित पद्धति की जांच की है, इसके हैलीकोएड आकारिकी, केंद्रीय स्थिति और विकासशील E.coli कोशिकाओं में सटीक अलगाव, लौहचुंवकीय सीमाओं में स्पीन चयनात्मक युग्मन के माध्यम से माजोरना फेर्मियान के नये परिवहन चिह्न, एनीसोट्रोपिक डाइरक वस्तुओं की चुंबकीय विशेशताओं में बदलाव, परिचालित सेमी-डाइरक वस्तुओं की परिवर्तन विशेषतायें, α-MnO2 वस्तुओं के हैलिकल स्पीन विन्यास में असाधारण स्पीन तरंग स्पेक्ट्रम, नये रुप में पाये गये माक्रोस्कोपिक संरक्षित मात्रा के कारण अव्यवस्थित से व्यवस्थित और H2SQ वस्तुओं में आबेलिएन एनिआन उत्तेजन आदि की जांच की है ।

आईओपी के परीक्षणात्मक उच्च ऊर्जा भौतिकी समूह अंतरराष्ट्रीय स्तर के विभिनन प्रयोगशालाओं के कोलाइडर आधारित परीक्षणों में भाग ले रहा है जैसे कि सर्न स्थित सीएमएम और एएलआईसई, एलएचसी, आरएचआईसी के स्टार परीक्षण,बीएनएल (यूएसए) और एफएआईआर, जीएसआई (जर्मनी) स्थित प्रस्तावित सीबीएम परीक्षण आदि में।प्राप्त गये हिग्ग्स बोसान की विशेषताओं के अध्ययन और एलएचसी स्थित प्रोटान-प्रोटान टकराव में स्टांडार्ड मॉडल कणिकाओं की खोज के साथ साथ क्वार्क ग्लुऑन प्लाज्मा, आरंभिक ब्रह्मांड में पदार्थ की अवस्था की खोज के साथ साथ क्वार्क ग्लुऑन प्लाज्मा, आरंभिक ब्रह्मांड में पदार्थ की अवस्था की खोज में इस समूह का योगदान रहा है, जो भारी आयन टकराव में पुन :निर्मित होते हैं। इसके अलावा, इस समूह का योगदान भविष्य में परीक्षण के लिए नवीनतम संसूचकों के अनुसंधान तथा विकास में है।

परीक्षणात्मक संघनित पदार्थ भौतिकी में, महत्वपूर्ण गतिविधियों में शामिल हैं त्वरक आधारित वस्तु विज्ञान, पृष्ठीय तथा अंतरापृष्ठीय भौतिक विज्ञान, पग्रम कार्यात्मक वस्तुएँ, एवं नैनोस्टिस्टम्स पर अध्ययन।संस्थान का आयन किरणपुंज प्रयोगशाला में समाहित हैं एनईसी निर्मित 3 एमवी टांडेम पैलेट्रॉन त्वरक, जो सबसे महत्वपूर्ण सुविधा है। जिसका उपयोग पूरे देश के अनुसंधानकर्ता करते हैं। यह त्वरक टाइपीकॉली 1-15 MeV बीम प्रदान करती है, यह प्रोटॉन से लेकर भारी आयनों के अल्फा तक बीम प्रदान करती है। अलग अलग उपयोगकर्ता (दोनों आंतरिक तथा बाह्य) और शोघछात्र अपने अनुसंधान के लिए इस सुविधा का उपयोग कर रहे हैं। इस अवधि के दौरान, इस त्वरक सुविधा का उपयोग अनेक उपयोगकर्ताओं ने किया है जैसे कि इंस्टीच्यूट ऑफ केमिकॉल टेक्नोलोजी-इंडियन ऑयल भुवनेश्वर, इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय- नई दिल्ली, एसओए विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर, यूजीसी-डीएई, कोलकाता केंद्र, नाइजर, भुवनेश्वर आदि। दूसरी महत्वपूर्ण गतिविधियों में शामिल हैं सौर ऊर्जा, फोटोवोलाटिक, अर्धचालक सतह पर स्वत : संगठित सोपान रचना का अध्ययन और एनीसोट्रोपिक प्लाज्मोनिक और चुंबकीय गुणधर्मो के अध्ययन के लिए सोपानित अवस्तरों पर धात्विक नैनोसंरचनाओं और चुंबकीय पतली सतहों को विकसित करके नैनोस्केल कार्यात्मक का अध्ययन, और ऊर्जक आयन बीमों का उपयोगक करते हुए न्यूरोमोरफिक अनुप्रयोग के लिए प्रतिरोधी स्वीचन उपकरणों पर आधारित परिवर्तनशील धात्विक अक्साइड का अध्ययन आदि। हाल ही में, इस समूह का एक सदस्य प्रो. तपोब्रत सोम ने प्रतिष्ठित पत्रिका एडवांसड मेटरिएल्स में एक पेपर प्रकाशित किया है (आईएफ-25) । इस समूह का और एक सदस्य प्रो. देबकांत सामल ने 17-19 फरवरी, 2020 के दौरान क्वांटम मैटर हेट्रोस्ट्रक्चर (क्यूएमएच) पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया था।

अन्य गतिविधियों में से, भौतिकी संस्थान को राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग की आरे से पुरस्कृत किया गया है। दिनांक 23 अगस्त 2019 को हिंदी में "परमाणु ऊर्जा और पर्यावरण" शीर्षक पर एक वैज्ञानिक संगोष्ठी आयोजित हुआ था। भौतिकी संस्थान ने जलवायु परिवर्तन मुद्दे में भी भाग लिया था और इस संबंध में, दिनांक 10.01.2020 को "जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के निराकरण में वैज्ञानिक एवं तकनीकी संस्थानों की भूमिका" शीर्षक पर एक वैज्ञानिक संगोष्ठी आयोजित हुआ था। "स्वच्छ भारत अभियान" (एसबीए) के संबंध में, संस्थान ने अपने परिसर के अंदर और आसपास के इलाके में पूरे महीने भर गतिविधियों को आयोजित किया था। भौतिकी संस्थान ने फरवरी 2020 को "राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-एक सबसे बड़ी गतिविधि" आयोजित किया था। इस वर्ष के दौरान संस्थान का पुस्तकालय ने केओएचए एकीकृत पुस्तकालय प्रबंधन प्रणाली (आईएलएमएस) के माध्यम से आरएफआईडी आधारित "स्मार्ट लाईब्रेरी सल्युशन" को सफलतापूर्वक लागू किया है।

शैक्षणिक कार्यक्रम

1.1	प्री-डॉक्टोरल कार्यक्रम	:	03
1.2	डॉक्टोरल कार्यक्रम	:	04
1.3	प्रस्तुत शोधग्रंथ	:	04
1.4	ग्रीष्मकालीन विद्यार्थी परिदर्शन कार्यक्रम (एसएसवीपी)	:	06

1.1 प्री-डॉक्टोरल कार्यक्रम

भौतिक विज्ञान में अनुसंधान करने के लिए युवा छात्रों को प्रशिक्षण देना और मार्गदर्शन करना संस्थान का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए वर्ष 1975 से संस्थान में नियमित प्रि-डॉक्टोरल कोर्स (एम. एससी. के बाद) और उसके बाद डॉक्टोरल कार्यक्रम चालू किया गया है । भौतिकी संस्थान का प्रि-डॉक्टोरल कार्यक्रम एक अत्यंत महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रम है । क्योंकि, अनुसंधान गतिविधियों को संचालन करने के लिए नये छात्रों को प्रशिक्षण दिलाने के लिए इसकी अभिकल्पना की गयी है । प्रगत भौतिक विज्ञान और अनुसंधान कार्य-पद्धति में व्यापक प्रशिक्षण दिलाना इसका लक्ष्य है । पाठ्यक्रम योजना इस दृष्टि बनायी गयी है ताकि यह हर एक छात्र को न केवल डॉक्टरॉल रिसर्च में सहायक होगा बल्कि एक अच्छे भौतिक विज्ञान शिक्षक बनने के लिए सहायक होगा चाहे वह छात्र अनुसंधान करे या न करें । पिछले कुछ वर्षों से यह संस्थान भौतिक विज्ञान में पीएच.डी.कार्यक्रम में प्रवेश लेने हेतु सारे देश के छात्रों के लिए एक संयुक्त चयन परीक्षा (JEST) को संचालन कराने में शामिल हुआ है । संस्थान में साक्षात्कार होने के बाद छात्रों का अंतिम चयन होता है। संस्थान द्वारा प्रदत्त प्रगत भौतिक विज्ञान में डिप्लोमा को आगे बढ़ाने के लिए प्रि-डॉक्टरॉल कार्यक्रम अगस्त 2018 से शुरू होकर जून 2019 को समाप्त हुआ है। प्रि.डॉक्टरॉल कार्यक्रम पूरा होने के बाद, छात्रों को संस्थान के किसी भी संकाय सदस्य के तत्वावधान में पीएच. डी. करने की पात्रता मिलती है जो होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (एचबीएनआई) द्वारा दी जाती है ।

प्रतिभा को पहचानने के लिए, संस्थान ने सबसे उत्कृष्ट प्री-डॉक्टोरल छात्रों के लिए ललित कुमार पंडा मेमोरियल एंडोमेंट फेलोशिप (एल.के. पंडा मेमोरियल फेलोशिप) स्थापित किया है। इस फेलोशिप में पुरस्कार राशि के रूप में रु.5000/- और एक प्रशस्ति पत्र शामिल हैं।

मई 2019 में प्री-डॉक्टोरल पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु छात्रों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। इसमें जेइएसटी, यूजीसी-सीएसआईआर अहर्तकों और वैध जीएटीई स्कोर धारककर्ता शामिल हैं। निम्नलिखित छात्रों ने 2019-2020 में डॉक्टोरॉल पाठ्यक्रम को पूरा किया है।

1. श्री इथिनेनी साईराम
2. श्री रामेश्वर साहु
3. श्री सोनु भर्गिज
4. सेख मुनसुन परवेज
5. श्री शुभद्वीप बिसाल
6. श्री देवाशिष मंडल
7. श्री दिपक मंडल
8. श्री दिगविजय पलाई

श्री को वर्ष 2019-20 के लिए सर्वोत्कृष्ट छात्र के रूप में चयन किया गया था और एल.के. पंडा मेमोरिएल फेलोशिप से पुरस्कृत किया गया था।

चलाये जा रहे पाठ्यक्रमों और शिक्षकों का विवरण नीचे दिया जा रहा है :

सेमेस्टर– I

प्रगत क्वांटम मेकानिक्स	:	डॉ. कीर्तिमान घोष
प्रगत सांख्यिकीय मेकानिक्स	:	डॉ. अरिंजित साहा
क्वांटम क्षेत्र सिद्धांत – I	:	डॉ. देवोत्तम दास
प्रगत प्रयोगात्मक तकनीकी	:	डॉ. देवकांत सामल
प्रयोगात्मक भौतिकी प्रयोगशाला	:	डॉ. दिनेश तोपवाल

सेमेस्टर – II

गाणितिक पद्धतियां और अनुसंधान विधियां	:	डॉ. शमिक बनर्जी
संघनित पदार्थ भौतिकी में विशेष विषय	:	डॉ. सप्तर्षि मंडल
उच्च ऊर्जा भौतिकी में विशेष विषय	:	डॉ. अरूण कुमार नायक
उच्च ऊर्जा भौतिकी	:	एसो. प्रो. संजीव कुमार अगरवाला
सांख्यिकीय भौतिकी में विशेष विषय	:	प्रो. एस. मुखर्जी

कोर्स वर्क के एक अंश के रूप में, छात्रों को संस्थान के संकाय सदस्यों की देखरेख में अंतिम तिमाही में किसी एक प्रसंग पर परियोजना के रूप में काम करने के लिए दिया जाता है। वर्ष 2019-2020 के दौरान छात्रों द्वारा किये गये परियोजनाओं का शीर्षक तथा उनके सुपरवाइजरों का नाम नीचे दिया जा रहा है :

सुपरवाइजर का नाम	विद्यार्थी का नाम	परियोजना का शीर्षक
डॉ. अरिजित साहा	श्री इथिनेनी साइराम	फास्ट अर्डर टोपोलोजिकॉल इनसूलेटर्स
डॉ. के. घोष	श्री रामेश्वर साहु	स्टांडार्ड मॉडल एंड रनिंग ऑफ गेज कपलिंगस
डॉ. ए.के. नायक	श्री सानु वर्गीज	उच्च ऊर्जा भौतिकी में मशीन शिक्षण तकनीकी
डॉ. एस. मंडल	श्री शैक मानसुन परवेज	कियाटेव गुच्छ की जांच
डॉ. डी. दास	श्री शुभद्वीप विशाल	क्यूएफटी में एक लूप समाकलन और कई अनुप्रयोग
डॉ. ए. साहा	श्री देवाशिष मंडल	वेल सेमी मेटाल नैनो वायर की वक्र संरचना
डॉ. ए.के. नायक	श्री दिपक मैती	सिलिकॉन ट्राकिंग संसूचक
डॉ. डी. सामल	श्री दिगविजय पलाई	चुंबकीय विषमसंरचना में टोपोलोजिकॉल स्पीन टेक्सचर और अंतरापृष्ठ

1.2 डॉक्टरेल कार्यक्रम

वर्तमान संस्थान में सैंतीस शोधार्थी अपने संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे हैं । सभी शोधार्थियों का नाम होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान (एचबीएनआई), पऊवि के तहत एक मानद विश्वविद्यालय में पंजीकृत है। एक समीक्षा समिति द्वारा प्रत्येक डॉक्टरेल छात्र की प्रगति की समीक्षा सालाना की जाती है । इस वर्ष की समीक्षायें जुलाई-अगस्त महीने में हुई थी।

1.3 जमा किये गये शोधग्रंथ (प्रस्तुत किया गया / *प्रत्युत्तर रखा गया)

निम्नलिखित शोधार्थियों को उनके द्वारा प्रस्तुत शोधग्रंथ/ जबावदेही के आधार पर होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान द्वारा पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गयी है -

1. श्री प्रणय नंदी

परामर्शदात : डॉ.दिनेश तोपवाल

शोधग्रंथ का शीर्षक : *जैविक और अजैविक हाईब्रिड नेतृत्व वाली हालाइड पेर्वोस्काइटस की संरचना और स्पेक्ट्रोस्कोपिक अन्वेषण* ।

2. श्री महेश सैनी

परामर्शदाता : प्रो. तपोब्रत सोम

शोधग्रंथ का शीर्षक : सिलिकॉन सतहों पर आईओपी में बीम निर्मित स्वत :संगठित नैनोसंरचना का नैनोस्केल क्रियाशीलकरण ।

3. श्री पार्थ पाउल

परामर्शदाता : डॉ. शमिक बनर्जी

शोधग्रंथ का शीर्षक : " होलोग्राफी और ब्लॉक होल्स के कई पहलूएं "।

4. श्री अर्पण दास

परामर्शदाता : प्रो. पंकज अग्रवाल

शोधग्रंथ का शीर्षक : " क्वांटम फाउंडेशन एवं थेर्मोडायनामिक्स में उलझाव का प्रदर्शन " ।

5. श्री देवाशिष साहा

परामर्शदाता : प्रो. पंकज अग्रवाल

शोधग्रंथ का शीर्षक : हैड्रौन कोलाइडर में अन्य दो बोसोनों की सहभागिता से हिग्स बोसोन के उत्पादन ।

6. श्री आशिष माना

परामर्शदाता : प्रो. सीखा वर्मा

शोधग्रंथ का शीर्षक : स्मृतिरोधक स्वीचन, प्रकाश-अवशोषण विशेषताएं, ग्लुकोज संवेदन और संरचनात्मक प्रावस्था संक्रमण की जांच के लिए TiO2, ZnO नैनोसंरचित झिल्लिओं की वृद्धि करना ।

7. श्री गणेश चंद्र पाउल

परामर्शदाता : डॉ. अरिजित साहा

शोधग्रंथ का शीर्षक : स्पीन-कक्ष संधिस्थल, एनिसोट्रोपिक डायराक वस्तुओं और माजोराना नैनोवायरों की परिवहन और चुंबकीय विशेषताएं ।

8. श्री सुमित नंदी

परामर्शदाता : प्रो. पंकज अग्रवाल

शोधग्रंथ का शीर्षक : सापेक्षिकीय माध्य क्षेत्र नमूने में नाभिकीय संरचना और खगोलभौतिकी के लिए नाभिकीय अंतक्रिया के निहितार्थ

9. श्री अर्पण दास *

परामर्शदाता : प्रो. पंकज अग्रवाल

शोधग्रंथ का शीर्षक : क्वांटम फाउंडेशन एवं थेर्मोडायनामिक्स में उलझाव का प्रदर्शन ।

10. श्री प्रिय शंकर पाल *

परामर्शदाता : प्रो. अरुण जायन्नावर

शोधग्रंथ का शीर्षक : कम मापन प्रणालियों और उच्चावचन उपापद्य से निकले कार्य के अध्ययन ।

11. श्री रणवीर सिंह *

परामर्शदाता : प्रो. तपोब्रत सोम

शोधग्रंथ का शीर्षक : CdTe-आधारित मल्टीजंकशन होल ब्लकिंग सौर कक्ष के विकास और विशेषताएं ।

12. श्री महेश सैनी *

परामर्शदाता : प्रो. तपोब्रत सोम

शोधग्रंथ का शीर्षक : : सिलिकॉन सतहों पर आईओपी में बीम निर्मित स्वत :संगठित नैनोसंरचना का नैनोस्केल क्रियाशीलकरण ।

13. अमिना खातुन *

परामर्शदाता : एसो .प्रो. एस.के. अग्रवाला

शोधग्रंथ का शीर्षक : : वायुमंडलीय न्यूट्रिनों की नयी भौतिकी के अवरोध ।

14. परमिता मैती *

परामर्शदाता : प्रो. पी.वी. सत्यम

शोधग्रंथ का शीर्षक : व्योलक्युलॉर बीम एपीटेक्सी द्वारा विकसित मोलिब्डेनम अक्साइड की नैनोसंरचनायें : विकास, चरित्र चित्रण और अनुप्रयोग ।

15. श्री प्रणय नंदी *

परामर्शदात : डॉ.दिनेश तोपवाल

शोधग्रंथ का शीर्षक : *जैविक और अजैविक हाईब्रिड*

नेतृत्व वाली हालाइड पेर्वोस्काइटस की संरचना और स्पेक्ट्रोस्कोपिक अन्वेषण ।

1.4 ग्रीष्मकालीन छात्रों के संदर्शन कार्यक्रम (एसएसवीपी):

एसएसवीपी कार्यक्रम का लक्ष्य है युवा छात्रों को अग्रणी अनुसंधान क्षेत्रों में, विशेष रूप से संस्थान में चल रहे अनुसंधान कार्य के क्षेत्रों को आगे बढ़ाने के लिए उजागर करना है । इस साल एसएसवीपी कार्यक्रम 22 मई से 15 जुलाई 2019 तक आयोजित हुआ था। इस कार्यक्रम में नौ विद्यार्थियों ने भाग लिया था। सभी संदर्शन विद्यार्थियों को परिसर में आवास प्रदान किया गया था। इस कार्यक्रम के तहत, प्रत्येक छात्र संस्थान के किसी एक संकाय सदस्य के मार्गदर्शन में काम करना होता था। कार्यक्रम के उपरांत, प्रत्येक छात्र उन्हें दिये गये विषयों पर किये गये कार्य को संगोष्ठी के रूप में प्रस्तुत किया ।

विद्यार्थियों का नाम	संगोष्ठी का विषय	परामर्शदाता
सुश्री अपर्णा रथी	*विभिन्न वातावरण में टंगस्टान अक्साइड के गैस संवेदीकरण गुणधर्म*	*प्रो. टी. सोम*
भाग्यरथी साहु	*गैस इलेक्ट्रॉन गुणक संसूचक के लक्षण वर्णन*	*प्रो. पी.के. साहु*
हर्ष रघुवंशी	*जिंक अक्साइड पतली झिल्ली में आयन रोपण और इसके वैद्युतिकी गुणधर्म*	डॉ. सत्य प्रकाश साहु
कमलकांत जुआडी	*आनुपातिक काउंटर के लक्षण वर्णन*	*प्रो. पी.के. साहु*
मंसी मंडल	*टंगस्टान अक्साइड के प्रकाशिय और वैद्युतिकी गुणधर्म*	*प्रो. टी. सोम*
मु. फुल हुसैन सेक	*तीन सुवास दोलन नमूने में १-३ मिश्रण कोण के महत्व*	*डॉ. संजीव कुमार अगरवाला*
मोनालिसा साहु	*एलएचसी में प्रोटॉन-प्रोटॉन दोलन*	*डॉ. अरूण कुमार नायक*
पी. राकेश कुमार दोरा	*इलेक्ट्रॉन पद्धति अंतक्रिया के मौलिक तत्व*	*डॉ. सप्तर्षि मंडल*
सुमित घोष	*दो सुवास और तीन सुवास फ्रेमवर्क में न्यूट्रिनो दोलन*	*डॉ. मणिमाला मित्र*

अनुसंधान

2.1	सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी	:	09
2.2	सैद्धांतिक नाभिकीय भौतिकी	:	19
2.3	परीक्षणात्मक उच्च ऊर्जा भौतिकी	:	21
2.4	क्वांटम सूचना	:	26
2.5	परीक्षणात्मक संघनित पदार्थ भौतिकी	:	28
2.6	सैद्धांतिक संघनित पदार्थ भौतिकी	:	51

2.1. सैद्धांतिक उच्च ऊर्जा भौतिकी

भौतिकी संस्थान में उच्च ऊर्जा भौतिकी के क्षेत्र में हो रहे अनुसंधान कार्य मुख्य रूप से स्ट्रिंग सिद्धांत, क्वान्टम ग्रेविटी, ब्लैक होल, कोलाइडर एंड न्यूट्रिनो फेनेमेनोलोजी, क्वार्क ग्लुओन प्लाज्मा, एस्ट्रो पार्टिकल फिजिकस एवं कोस्मोलोजी के क्षेत्र में होते हैं। व्यक्तिगत तौर पर सभी सदस्य इन तीन क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य कर रहे हैं -

स्ट्रिंग सिद्धांत

स्ट्रिंग सिद्धांत अपने आप में एक वृहत अध्ययन समूह है, जिसने पिछले तीन दशकों में असाधारण प्रगति की है। इसने भौतिकी के विभिन्न क्षेत्रों को विचार प्रदान करने के साथ साथ गणित में भी योगदान दिया है। स्ट्रिंग थ्योरी के अंतर्गत समूह ब्लैक होल्स, कोस्मोलोजी, AdS/CFT कोरेस्पोंडेंस, एप्लिकेशन ऑफ गेज ग्रेविटी डुयलिटी टू स्ट्रोंगली कपल्ड गेज थ्योरिज, सिमिट्री ऑफ स्ट्रिंग थ्योरी, इंटरफेस ऑफ इंफोरमेशन थ्योरी, AdS/CFT आदि विषयों पर अध्ययन कार्य किए जाते हैं।

उच्च ऊर्जा भौतिकी के अध्ययन तथ्य

उच्च ऊर्जा भौतिकी में अध्ययन क्षेत्र ब्रह्मांड के ऊर्जा तीव्रता और कोस्मिक फ्रंटियर्स के कई रहस्यों को खोलने की दिशा में कार्यरत है। इस अध्ययन समूह का अध्ययन क्षेत्र मुख्य रूप से कोलाइडर फिजिक्स, न्यूट्रिनो फिजिक्स, डार्क मैटर, एस्ट्रोपार्टिकल फिजिक्स एवं बियों द स्टैंडर्ड मॉडल (बीएसएम) पर ज्यादा ध्यान देता है। अध्ययन समूह के सदस्य हिग्स एंड टॉप क्वार्क फिजिक्स, एलएचसी में चालू फिजिक्स बियोंड द स्टैंडर्ड मॉडल, 100 टीईवी कोलाइडर, सीएलआईसी, आईएलसी एवं एप कोलाइडर एलएचईसी में प्रस्तावित प्रयोगों को एक्सप्लोर कर रहे हैं । इन कोलाइडर पर कार्य करने में इवेंट जेनरेटर आधारित विश्लेषण, मशीन लर्निंग, एवं रेडिएटिव संशोधन आदि शामिल है।

न्यूट्रिनो भौतिकी में, सर्वाधिक रुचि का विषय है न्यूट्रिनों ओसिलेशन। चालू और प्रस्तावित प्रयोगों में न्यूट्रीनो मास जेनरेशन के बीएसएम मॉडल की खोज करना एवं एस्ट्रोपार्टिकल फिजिक्स से इसके संबन्धों की करना है। इंडिया बेस्ड न्यूट्रीनो ओब्सर्वेट्री (आईएनओ) न्यूट्रीनो के मूलभूत गुणों के अध्ययन के लिए भारत का एक मेगा साइंस प्रोजेक्ट है। अध्ययन समूह के सदस्य आईएनओ में भौतिकी एवं डिटेक्टर सिमुलेशन स्टडी । रिलेटेड टू द आयरनकैलोरीमीटर डिटेक्टर एवं इन प्रस्तावित न्यूट्रीनो प्रयोग को यूएस मेऊ डीयूएनई (ड्यून) एवं जापान में केमियोकांते का नाम दिया गया है। एचईपी समूह के सदस्य वर्तमान में अनुसंधान के सक्रिय क्षेत्र 9डाइरेक्ट एंड इनडाइरेक्ट सर्च ऑफ डार्क मैटर" में सक्रिय रूप से संलग्न हैं, और कार्य कर रहे हैं।

क्वार्क ग्लुओन प्लाज्मा, एस्ट्रो पार्टिकल फिजिकस एवं कोस्मोलोजी

एलएचसी और आरएचआईसी में किए जाने वाले प्रयोगों में क्वार्क ग्लुओन प्लाज्मा संबंधी प्रयोग अनुसंधान का एक सक्रिय क्षेत्र है। समूह के सदस्य क्वार्क हेड्रोन प्रावस्था संक्रमण और चुंबक हाईड्रोडायनेमिक्स संबंधी वृहत् अनुकार कार्यों को संपादित कर फ्लो डायनेमिक्स को समझने की दिशा में कार्यरत हैं। समूह के सदस्य टेबलटोप द्रव क्रिस्टल परीक्षण के जरिए कोस्मिक डिफेक्टस के सिद्धांतों का परीक्षण करते हैं। वे खगोलकणिका भौतिक विज्ञान में उभरने वाले नए विषयों जैसे डार्क मैटर, डार्क एनर्जी, बोरियोजेनेसिस, गुरुत्वाकर्षणीय तरंगें आदि में भी परीक्षण कार्यों में संलग्न हैं।

(ए. एम. श्रीवास्तव, पी. अग्रवाल, एस. मुखर्जी, एस.के. अगरवाला, एस.बनर्जी, डी. दास, एम. मित्र, के. घोष)

क्यूजीपी और सोपक्षिकीय भारी आयन टकराव

1. "सापेक्षिकीय भारी आयन टकराव में रेसिस्टीव चुंबकीय हाईड्रो डायनेमिक्स अनुकरण"

हम लोग भारी आयन टकराव में होने वाले रेसिस्टीव मेग्नेटो हाइड्रोडायनेमिक्स सिमुलेशन के लिए कोड की सेटिंग करते हैं।

(एस. एस. दावे, पी. एस. सौम्या और ए. एम. श्रीवास्तव)

2. "सापेक्षिकीय भारी आयन टकरावों में ध्वनिक ब्लैक होल्स से विकिरण हॉकिंग करना"

हम सापेक्षिकीय भारी आयन टकरावों में क्वार्क ग्लुऑन प्लाज्मा उत्पादन कर रही गुरुत्वाकर्षणीय एक नयी नमूने का प्रस्ताव रखते हैं। एक क्वार्क ग्लुऑन प्लाज्मा सबसे "अधिक अविवेकी" द्रव के रूप में जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इतनी कम चिपचिपाहट इन परीक्षण में दृढता से क्यूजीपी की प्रकृति को दर्शाता है । इसलिए यह क्वांटम द्रव का एक अच्छा उदाहरण प्रदान कर सकता है, जो स्वाभाविक रूप से ध्वनिक हकिंग विकिरण के अध्ययन के लिए उपयुक्त होगा। तीव्र अनुदैर्घ्य विस्तार के कारण, एक सोनिक क्षितिज की उपस्थिति दिखाई देती है, यद्यपि यह क्षितिज साधारणत : अस्थिर है। अल्ट्रा सापेक्षिकीय क्वांटम मोलक्युलॉर डायनामिक्स (UrQMD) समीकरण का उपयोग करके, हमने पाया कि प्लाज्मा की अनुदैर्घ्य वेग इस प्रणाली की उत्पत्ति के दौरान कुछ समय के लिए समय आश्रित हो सकता है। इस अवधि के दौरान, हमारा अनुरूप स्थिर ध्वनि मैट्रिक किलिंग क्षितिज हो सकता है जो स्पष्ट क्षिजित के साथ मेल खाता है । एक लक्षणहीन अवर्जवर दिखाई देगा और उसके बाद फोनोनों का एक तापीय प्रवाह दिखाई देगा, क्षितिज से आकर हाकिंग विकिरण निर्माण होता है। हम तापमान का अनुमान प्रदान करते हैं जिससे कि प्लाज्मा को बताने वाले चरों के संबंध में माप करेंगे और इसके अवलोकनीय परिणाम के बारे में चर्चा करेंगे।

(ए. दास, एस.एस. दावे, ओ. गांगुली और ए. एम. श्रीवास्तव)

3. सीएफल चरण की बीइसी-बीसीएस सीमा के पास बहाली केंद्रीय समरुपता सहित उच्च बेरियन घनत्व पर क्यूसीडी पदार्थ में टोपोलॉजिकल त्रुटियाँ

डिगल और दूसरों द्वारा किया जालक परिकलन से यह पता चलता है कि केंद्रीय समरुपता SU(3) गेज थियोरी सहित मौलिक हिग्गस के लिए पूरी तरह से उद्धार हुआ है। इसे हम सीएफएल चरण की बीइसी-बीसीएस सीमा के पास 3^* निरूपण में डायक्वार्क बाउंड अवस्थाओं सेहित क्यूसीडी की उच्च बेरिअन घनत्व चरणं में लागू करते हैं। हम क्यूसीडी की इस पद्धति में टोपोलॉजिकल त्रुटियों के परिणाम की जांच कर रहे हैं और एफएआईआर एवं एनआईसीए में भारी आयन टकरावों के लिए न्यूट्रॉन तारक भौतिकी के लिए इसका अनुप्रयोग करते हैं ।

(एम. बिस्वान, एस. डिगल और अजित मोहन श्रीवास्तव)

4. हैड्रॉन के $_{p}T$ वितरण पर सापेक्षिकीय भारी-आयन टकरावों में ध्वनिक ब्लैक होल्स से हाकिंग विकिरण के प्रभाव का परिमापन

हम दोषयुक्त कणिकाओं के अनुप्रस्थ संवेग वितरण की तेजी निर्भरता में *थर्माल* घटक के संबंध में सापेक्षिकीय भारी आयन टकरावों में ध्वनिक ब्लैक होल्स से वेग क्षमता क्षेत्र के लिए थर्माल हाकिंग विकिरण के प्रभाव का परिकलन कर रहे हैं ।

(एस.एस. दावे, ओ. गांगुली और ए. एम. श्रीवास्तव)

5. सापेक्षिकीय भारी आयन टकराव में एनीसोट्रोफिस के प्रारंभिक उतार-चढ़ाव और पावर स्पेक्ट्रम

यूरोपियन जर्नल ऑफ फिजिक्स के लिए समीक्षा लेख की तैयारी की जा रही है- स्प्रींगर का विशेष विषय प्रवाह सापेक्षिकीय भारी आयन टकराव में उत्पादित मध्यम स्तर के तप्त की विशेषताओं के महत्वपूर्ण प्रमाण के रूप में उभरा है । आरंभिक

अवस्था उतार-चढ़ाव की उत्पत्ति प्रवाह गुणांक के पावर स्पेक्ट्रम पर छाप छोड़ता है । इसलिए प्रवाह गुणांक टकराए नाभिक के पार्टन वितरण से उभरे आरंभिक चरण उतार-चढ़ाव के एक महत्वपूर्ण प्रमाण है । इसका एक सुदृढ़ समानता कॉस्मिक माईक्रोवेव बेकग्राउंड रेडिएशन (सीएमबीआर) एनीसोट्रोपिस के पावर स्पेक्ट्रम का भौतिक विज्ञान के साथ है जो प्रत्यक्ष रूप से प्रारंभिक स्फीतिकार उतार-चढ़ाव का प्रमाण देता है । इन दिलचस्पी अंतरसंबंध का प्रमाण देने के लिए अनेक कार्य हो चुके हैं, विशेष रुप से, उच्चतर प्रवाह गुणांक के परिमापन को विकसित करने में । हम इन विकासों का समीक्षा करते हैं । इन वैशिष्टयों पर आरंभिक चुंबकीय क्षेत्र का प्रभाव की समीक्षा भी की जाएगी । ये सब आने वाले इलेक्ट्रॉन-आयन कोलाइडर की दृष्टि से विशेष महत्व रखते हैं, जो प्रत्यक्ष रूप से कोलाइडिंग न्यूक्लियस के आरंभिक पार्टन विस्तार को प्रमाणित करेगा ।

(श्रेयांश एस. एस दवे, सौम्या पी.एस. और अजीत मो. श्रीवास्तव)

ब्रह्मांड विज्ञान और खगोल भौतिक विज्ञान

6. स्पंदकों के माध्यम से गुरूत्वाकर्षणीय तरंग घटनाओं की पुन :जांच

अब तक लिगो और विरगो द्वारा कई गुरुत्वाकर्षण तरंगों (जीडबल्यू) के संकेतों का पता लगाया जा चुका है, जो तरंगें अपने संबंधित स्रोतों से सीधे पृथ्वी पर पहुंचती हैं। ये तरंगें अलग-अलग स्पंदक को पार करते हुए पल्सर आकार में (छोटे) क्षणिक विकृतियों का कारण बनती है। हम में से कुछ ने हाल ही में दिखाया है कि स्थिर पल्सर क्षण में परिवर्तन हो जाता है, पल्सर संकेतों पर एक अस्पष्ट छाप छोड़ देता है, जैसा कि पृथ्वी पर विशेष रूप से प्रतिध्वनि पर पाया गया है। पल्सर इस प्रकार दूरस्थ रूप से तैनात वेबर गुरुत्वाकर्षण तरंग डिटेक्टरों का काम कर सकता है। इस परिणाम का एक महत्वपूर्ण निहितार्थ यह है कि हमें जीडबल्यू के दृष्टांत को पलसर के माध्यम से दुबारा जांच करने और समझने की अनुमति मिलती है जिसमें शामिल हैं अतीत के सुपर नोवा)। हम यहाँ विशिष्ट स्पंदक नमूनों की सूची दे रहे हैं जिनके भविष्यत संकेतों में अतीत के गुरुत्वाकर्षणीय तरंग घटनाओं के छाप रहते हैं। कुछ दिलचस्पी घटनायें हैं स्पंदक B2310+42 के माध्यम से सुपरनोवा SN1885 का संकेत वर्ष 2022 से 2044 तक के दौरान पृथ्वी पर होना चाहिए, और स्पंदक J1813-1246 के माध्यम से सुपरनोवा SN1604 का संकेत वर्ष 1971 से 2052तक होना चाहिए। ऐसा कि अतीत में अभिलिखित सुपरनोवा SN185 घटना का संकेत और वर्ष 2016-2049 के दौरान हमारे पास पहुँचने वाले कणक्षेपित स्पंदक संकेत को स्पंदक J0900-3144 और स्पंदक J1858-2216 के माध्यम से पुन : देखने योग्य है ।

(मिनती बिस्वाल, श्रेयांश एस. दावे और अजित मोहन श्रीवास्तव)

7. बाह्य गुरुत्वाकर्षण तरंग के प्रभाव के तहत एक स्पंदक का स्पष्ट पल्स परिवर्तन का परिकलन

एलआईजीओ/विर्गो द्वारा पता लगाया गया विशिष्ट गुरुत्वकर्षण तरंग (जीडब्ल्यु) हेतु, हम संकेत का अनुमान लगाने के लिए इस गुरुत्वकर्षर्ण तरंग के प्रभाव के तहत दिये गये एक स्पंदक का स्पष्ट पल्स प्रोफाइल परिवर्तन की जांच कर रहे हैं जब यह स्पंदक एक स्थिर प्रतिध्वनित वेबर गु.त.संसूचक के रूप में काम करता है।

(एस. एस दवे, ओ. गांगुली और अजीत मो. श्रीवास्तव)

8. सतत परियोजना : विविध चरण इलेक्ट्रोवीक संक्रमण में गुरुत्वाकर्षणीय तरंग उत्पादन

हम मानक नमूने के विस्तार में विविध चरण प्रथम क्रम इलेक्ट्रोविक चरण संक्रमणों में बुदबुदा टकरावों के जटिल पैर्टनों का अध्ययन करते हैं और गुरुत्वाकर्षणीय तरंगों के परिणाम में इसके चिह्नों का अध्ययन भी करते हैं जिसका एलआईएसए द्वारा पता लगाया जा सकता है।

(पेइसी हुआंग और अजित मोहन श्रीवास्तव)

9. भविष्य के कोलाइडर में हिग्गस विभवों का आकार:

यद्यपि हिग्स बोसॉन की खोज हो चुकी है, परंतु इसके स्वत :युग्मन बुरी तरह से विवश है। यह अनपेक्षित हिग्गस बोसॉन की प्रकृति को दिखाता है । यह मानक नमूने में लांडाऊ-गिंजबर्ज टाइप के अलावा विभिन्न संभावित हिग्स परिदृश्यों द्वारा प्रेरित है, हम व्यवस्थित ढंग से विभिन्न नयी भौतिकी परिदृश्यों का संगठन बनाते हैं जैसे कि प्रारंभिक हिग्स, नांबाऊ-गोल्डस्टोन हिग्स, कोलेमैन-वेनबर्ज हिग्स और टाडपोल प्रेरित हिग्स आदि। हम पाते हैं कि एलएचसी स्थित 27 TeV उच्च ऊर्जा पर दोगुना-हिग्स उत्पादन होता है, जिसका उपयोग विभिन्न हिग्स के संभाव्य परिदृश्यों के बीच अंतर को समझने के लिए किया जा सकता है, जबकि हिग्स की संभावनाओं के आकार को पूरी तरह से निर्धारित करने के लिए भविष्य के 100 TeV प्रोटॉन-प्रोटॉन कोलाइडर पर ट्रिपल हिग्स उत्पादन में उपयोग के लिए इसकी आवश्यकता है।

(पंकज अग्रवाल, देवाशिष साहा, लिंग सिओ, जांग - हो यू, सी.पी. युआन)

10. हैड्रॉन कोलाइडर स्थित हिग्स बोसॉन के साथ मिलकर Di-वेक्टर बोसॉन का उत्पादन

हम हैड्रॉन कोलाइडरों पर दो इलेक्ट्रोवीक वेक्टर बोसॉनों के सहयोग से हिग्स बोसॉन के उत्पादन पर विचार करते हैं। विशेष रूप से, हम एलएचसी (14 TeV), एचइ-एलएचसी (27 TeV) और एफसीसी-एचएच (100 TeV) पर γZH, ZZH, और W^+W^-H उत्पादन की जांच कर रहे हैं। हमारा मुख्य फोकस है ग्लुऑन-ग्लुऑन संलयन से $pp \rightarrow VVH$ (V=γ,Z,W) में उसका योगदान का आकलन करना है और उसके बाद क्वार्क-क्वार्क चैनलों से प्राप्त परिणाम से तुलना करना है । तकनीकी रूप से, $pp \rightarrow VVH$ क्रॉस सेक्सन में अगणी क्रम ग्लुऑन-ग्लुऑन संलयन अंशदान मजबूत युग्मन मापदंड में नेक्स्ट टू नेक्स्ट टू लिडिंग क्रम संशुद्धि α_s है। हम पाते हैं कि ग्लुऑन-ग्लुऑन संलयन चैनल में, W^+W^-H का सबसे बड़ा क्रॉस-सेक्सन है । परंतु, ग्लुऑन-ग्लुऑन संलयन का सापेक्षिक योगदान $pp \rightarrow ZZH$ के उत्पादन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है । FCC-hh पर ZZH के अंशदान $qq \rightarrow ZZH$ में नेक्स्ट टू नेक्स्ट टू लिडिंग क्रम संशुद्धि से तुलनीय है। इसके आगे, हमने κ- फ्रेमवर्क मापदंडों κ_t, κ_v, और κ_λ का उपयोग करते हुए इन प्रक्रियाओं में मानक नमूने प्रभाव से आगे का अध्ययन किया है। हम पाते हैं कि ग्लुऑन-ग्लुऑन संलयन चैनल प्रक्रियायें ZZH और WWH बहुत कम κ_λ पर निर्भर करते हैं, किंतु अधिक निर्भर κ_t और κ_v पर करते हैं । क्वार्क-क्वार्क चैनल प्रक्रियायें मुख्यत : κ_v पर निर्भर करते हैं।

(पंकज अग्रवाल, देवाशिष साहा और अम्ब्रेश शिवाजी)

11. हैड्रॉन कोलाइडरों पर $pp \rightarrow Wbb, Zbb$ में इलेक्ट्रोवीक संशुद्धि

प्रक्रिया $pp \rightarrow Wbb, Zbb$ बहुत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उनकी पृष्ठभूमि हिग्स बोसॉन उत्पादन पक्रियाओं में भी हैं। इन प्रक्रियाओं में इलेक्ट्रोवीक संशुद्धि महत्वपूर्ण हो सकता है। कई सौ वान-लूप डायग्राम होते हैं जिनका योगदान इन संशुद्धि में होते हैं । इन डायग्रामों की सीमा बपल से लेकर पेंटा डायग्राम तक होते हैं। पराबैंगनी और अवरक्त अपसारी होते हैं । पराबैंगनी अपसारी का देखभाल पुन :साधारणीकरण प्रक्रिया द्वारा होता है। अवरक्त अपसारी को डाइपोल-सबस्ट्राक्सन प्रक्रिया द्वारा हटाया जा रहा है। इस प्रक्रिया के बाद हमें एक निश्चित परिणाम मिलता है । इस उपाय के साथ इसके अनेक तकनीकी कठिनाईयाँ हैं जिसे दूर कियजिा रहा है।

(पंकज अग्रवाल और बिश्वजित दास)

12. AdS/CFT सामंजस्य

ब्रहंमाडकीय पृष्ठभूमि पर निश्चित मजबूती से युग्मित क्षेत्र सिद्धांतों के उच्च स्केलिंग आयामों के साथ ऑपरेटरों

का उच्चतर बिंदु सहसंबंधकों का अभिकलन है। हम अतीत में ज्यामिति के कासनेर क्लॉस पर दो बिंदु वाले सहसंबंधकों का अभिकलन किया है। वर्तमान हम तीन बिंदु वाले सहसंबंधकों का अभिकलन के लिए प्रयास कर रहे हैं। अभिकलन में AdS/CFT तकनीकियों के प्रयोग होते हैं।

(एस. मुखर्जी)

एक पर्यवेक्षक फ्लॉट इनकोस्कवी स्पेस को समान रूप से बढ़ा रहे हैं और त्वरण का परिमाण के अनुपात में एक ऊष्म बाथ पाते हैं। इसे समझने के लिए अनेक उपाय हैं। एक उपाय है । तत्काल तकनीकी का उपयोग करना। हम AdS पर एक समान उपागम का खोज कर रहे हैं, जहां सीमा एक मिंकोस्की स्थान है, जिस पर एक त्वरण कर रहे पर्यवेखक एक ऊष्म बॉथ पाते हैं।

(एस. मिश्रा, एस. मुखर्जी और वाई. श्रीवास्तव)

13. बोरसिनो चरण-II से फ्लेबर-डायगोनॉल नॉन-स्टांडार्ड न्यूट्रिनो अंतक्रियाओं पर बाधायें ।

बोरसिनो संसूचक न्यूट्रिनो-इलेक्ट्रॉन इलास्टिक बिखराव के माध्यम से सौर न्यूट्रिनो फ्लक्सों को मापता है। प्रेक्षित स्पेक्ट्रा सौर-ν_e मौजूदा संभावना *Pee(E)* और न्यूट्रिनो एवं इलेक्ट्रॉन के चिरल युग्मन द्वारा निर्धारित होता है। स्टांडार्ड मॉडेल के बाद भौतिक विज्ञान कई सिद्धांत नॉन-स्टांडार्ड इंटरएक्सन्स (एनएसआईएस) के अस्तित्व का दावा करते हैं जो चिरल युग्मन और *Pee(E)* को संशोधित करता है। इस शोधपत्र में हम एक ऐसे नॉन-स्टांडार्ड इंटरएक्सन्स की खोज कर रहे हैं विशेष रूप से, फ्लेवर-डायगोनाल न्यूट्रॉल करेंट इंटरएक्सन्स जो बोरसीनो चरण –II के आंकड़ों का उपयोग करते हुए $\nu_e e$ और $\nu_\tau e$ युग्मनों को संशोधित करते हैं। मानक सौर नमूने से दोनों उच्च और निम्न धात्विकता का अनुमान किया जाता है। कोई नयी भौतिकी का संकेत संसूचक के संवेदनशीलता के स्तर पर नहीं मिलती है और एनएसआईएस के मानदंडों पर अवरोध पाये जाते हैं जिसे नीचे दिया गया है। इसके अलावा, उस आंकडे का मूल्य $\sin^2\theta_w$ है जिसे न्यूट्रिनोविरोधी रिएक्टर में किये गये परीक्षण से तुलना की जाती है। यह लेख जेएचइपी 2002 (2020) 038 में प्रकाशि हुआ है।

(एस.के. अगरवाला)

14. एक हल्के स्टेराइल न्यूट्रिनो की उपस्थिति में ESSνSB की भौतिकी क्षमताएं

ESSνSB इएसएस सुविधा में एक प्रस्तावित न्यूट्रिनो सुपर-बीम परियोजना है। हम इस सेटअप का कार्यदक्षता का अध्ययन एक हल्के eV-स्केल स्टेराइल न्यूट्रिनो की उपस्थिति में करते हैं, यह अध्ययन न्यूट्रिनो (न्यूट्रिनोविरोधी) रन-योजना के तहत पिछले दो सालों (आठ वर्ष) से 540 की.मी. बेसलाइन पर किया जा रहा है। यह बेसलाइन अधिकतम दूसरा दोलन के आसपास काम करने के लिए संभावना देती है, सीपी-वायोलेशन (सीपीवी) के उच्च संवेदनशीलता प्रदान करती है । हम मानक सीपी चरण δ_{13} नयी सीपी चरण δ_{14} और ओक्टांट θ_{23} द्वारा उत्पादित सीपीवी को समाधान करने में अपनी क्षमता को विस्तार से खोज रहे हैं । हम δ_{13} द्वारा सीपीवी में संवेदनशीलता पाते हैं, यह तब मिलता है जब 3ν से 4ν तक जा रहे हैं। दो चरणें δ_{13} और δ_{14} का पुन :निर्माण क्रमानसुार ~ 15° और ~ 35° की एक 1σ की अनिश्चितता से किया जा सकता है। θ_{23} ओक्टांट के विषय में, हम दोनों 3ν और 4ν स्कीमों के प्रति कम संवेदनशीलता पाते हैं। हमारा परिणाम यह दिखाता है कि जैसे ESSνSB एक सेटअप से दूसरा दोलन अधिकतम 540 की.मी. बेसलाइन के आसपास काम किया जा रहा है, जो 3ν स्कीम में सीपीवी को अच्छी तरह से पता लगाता है, किंतु यह 3+1 स्कीम में सीपी विशेषताओं के अध्ययन के लिए अंतिम नहीं है। यह लेख जेएचइपी 1912 (2019) 174 में प्रकाशित हुआ है।

(एस.के. अगरवाला)

15. फ्लैट स्पेस होलोग्राफी

मेरा वर्तमान का अनुसंधान फ्लैट स्पेस होलोग्राफी पर फोकर कर रहा है जो फ्लैट स्पेस टाइम में गुरुत्वाकर्षण के क्वांटम सिद्धांत और गतिकीय गुरुत्वाकर्षण के बिना क्वांटम क्षेत्र सिद्धांत के बीच एक समतुल्यता है। मैं इस (दोनों) क्वांटम क्षेत्र सिद्धांत की विभिन्न विशेषताओं का अध्ययन करता हूँ जिसके लिए ग्लुऑनों एवं ग्राविटनस के एस-मैट्रिक्स तत्वों के कोमल एवं कोलिनियर गुणनखंड के बीच संबंध और फ्लैट स्पेस-टाइम में असममित समरूपता का उपयोग करता हूँ। इस अनुसंधान का मुख्य लक्ष्य है, क्वांटम गुरुत्वाकर्षण अथवा स्ट्रिंग सिद्धांत की दृष्टि से, हमारे ब्रह्मांड में क्वासिकॉल एवं क्वांटम ब्लैक होल्स को अच्छी तरह से समझना है।

(एस. बनर्जी)

16. एचइ-एलएचसी में दोगुना एवं एकल आवेशित हिग्स को परखना

इस काम में, हम कोलाइडर में विविध-लेप्टॉन की अंतिम अवस्थाओं के प्रति एकल संवेदनशीलता का विश्लेषण करते हैं जो एक टाइप-II सी सॉ रूपरेखा में दोगुना और एकल आवेशित हिग्स क्षय से उत्पन्न हो सकता है। हमारा मानना है त्रिक वीईवी बहुत छोट है और दोनों आवेशित हिग्स अवस्थाओं के लिए बहुत संख्या में पुन :उत्पादित करता है । दोगुना एक एकल आवेशित हिग्स अवस्थाओं का लेप्टोनिक विभाजन अनुपात है, जिसकी निर्भरशीलता न्यूट्रिनो दोलन मापदंडों, सबसे हल्का न्यूट्रिनो मॉस स्केल के साथ न्यूट्रिनो मॉस अनुक्रम पर है। इसके साथ साथ हम एकल और दोगुना आवेशित हिग्स अवस्थाओं के लेप्टोनिक विभाजन अनुपातों के बीच संबंध का विस्तार से पता लगाते हैं। हम क्रॉस-सेक्सन के उत्पादन पर इन अनिश्चितताओं के प्रभाव का मूल्यांकन करते हैं। अंत में, हम भविष्य के हैड्रान कोलाइडर के की मल्टी-लेप्टान अंतिम अवस्थाओं के विस्तारित विश्लेषण को प्रस्तुत करते हैं, जो द्रव्यमान ऊर्जा के 27 TeVकेंद्र को चला सकता है।

(रोजालीन पधान, देबोत्तम दास, मणिमाला मित्रा, अरुण कुमार नायक)

17. एमएसएसएम सहित नॉन-होलोमोर्फिक सॉफ टर्म में लेप्टान फ्लेवर वाओलेटिंग क्षय को परखना

यह ज्ञात है कि न्यूनतम अतिसममितिक मानक नमूने (एमएसएसएम) को नॉन-होलोमरफिक ट्रिलाइनिएर सॉफ्ट एसयूएसवाई तक बढ़ाया जा सकता है जिससे अंतक्रिया टूटता है और इसके अलग-अलग चिह्न हो सकते हैं। हम होलोमरफिक (एमएसएसएम) से जुडे कपलिंग मैट्रिसेस और स्लेप्टनों से जुड़े नॉन-होलोमरफिक ट्रिलाइनियर टर्मस की लुप्त-हीन बंद-विकर्ण प्रविष्टियों पर विचार करते हैं। सबसे पहले हम निर्वात की एमएसएसएम आवेश खंडन न्यूनतम अवस्था में सुधार लाते हैं जिससे होलोमरफिक और नॉन-होलोमरफिक ट्रिलाइनियर युग्मन में बंद-विकर्ण प्रविष्टियों को शामिल किया जा सकें। इसके अलावा, इस विश्लेषण को हम नॉन-मरफिक ट्रिलाइनियर अंतक्रियाओं के लिए विस्तार कर सकते हैं । लेप्टान फ्लेवर के अन्य स्रोतों को जैसे कि आवेशित स्लेप्टान मैट्रिसेस को शामिल नहीं करते हैं। हम लेप्टान फ्लेवर वाओलेशन (एलएफवी) में आवेशित लेप्टान क्षय और एलएफवी सहित आवेशित लेप्टान में हिग्स बोसन क्षय जैसी प्रक्रियाओं की प्रयोगात्मक सीमाओं के माध्यम से अंत :क्रिया शर्तों पर बाधा डालते हैं। लेप्टोनिक क्षय के अलावा, हम एमएसएसएम के सभी तीन निष्पक्ष एलएफवी हिग्स बोसन क्षयों का अभिकलन करते हैं । आवेश खंडन अवरोध,विचारयोग्य फ्लेवर पर विचार करते हुए, हिग्स द्रव्यामन आंकडें के अलावा, नॉन-होलोमोरफिक अंतक्रियाओं की उपर्युक्त प्रक्रियाओं का विश्लेषण करते हैं और इसके परिणाम की तुलना एमएसएसएम से करते हैं। संदर्भ : ई-प्रींट 1911.05543 [एचइपी-पीएच]।

(उत्पल चटोपाध्याय, देबोत्तम दास और समद्रिता मुखर्जी)

18. टोर्शन द्वारा अदीप्त पदार्थ की न्यूनतम नमूने

हम फेर्मआयनिक अदीप्त पदार्थ (डीएम) के एक न्यूनतम नमूने को प्रस्तुत करते हैं जिसमें एक एकल डिराक फेर्मिअन गुरुत्वाकर्षणीय उत्पत्ति के टोशन क्षेत्र के माध्यम से मानक नमूने (एसएम) कणिकाओं से अंतक्रिया कर सकता है। आम तौर पर, टोशन को स्पेसटाइम डिफोमोर्फिज्म समरुपता से जुड़े एफाइन कनेक्शन के एक एंटीसीमेट्रिक भाग के रुप में महसूस किया जा सकता है, इस प्रकार एक विशाल अक्षीय सादिश क्षेत्र के रुप में विचार किया जा सकता है । इसकी गुरुत्वाकर्षणीय प्रकृति के कारण, टोशन सभी फर्मियन क्षेत्रों के साथ जुड़ जाता है जिसमें शामिल हैं समान शक्ति के साथ डीएम । जो नमूने को काफी भावीसूचक बनाता है। अदीप्त पदार्थ स्वाभाविक रूप से किसी अस्थायी समरूपता के बिना स्थिर रहता है। उचित पर्याप्त मात्रा में ताप उत्पन्न करने के अलावा, एकल फेर्मिऑन सहज से अपनी अक्षीय प्रकृति के कारण स्पीन मुक्त अदीप्त पदार्थ न्यूक्लियन प्रत्यक्ष खोज क्रॉस-सेक्सन पर कठोर सीमाओं से बच जाता है। परंतु, अनुमत पैरामीटर के स्थान में, टोशन द्रव्यमान पर मजबूत सीमाओं को रखा जा सकता है और इसे एलएचसी में अंतिम खोज के फर्मिऑन से जोड़ा जा सकता है। एक गैर-सार्वभौमिक टोशन-अदीप्त पदार्थ और टोशन -मानक नमूने को एक मानते हुए, टोशन द्रव्यमान के कम मूल्य को अनुमति दी जा सकती है। दोनों मामलों में, हम अदीप्त पदार्थ का स्पीन आश्रित प्रत्यक्ष खोज का अधिक अध्ययन करते हैं ।

संदर्भ : ई-प्रींट : 1912.09249 [एचइपी-पीएच] (फिजिक्स रिव्यू डी 101 (2020) 7, 075017) ।

(बासबेंदु बर्मन, तपोब्रत भंज, देबोत्तम दास, देवप्रसाद मैती)

19. एलएचसी में लेप्टोक्वार्क के माध्यम से हिग्स उत्पादन को बढ़ाना

जब एक मानक नमूने (एसएम) लेप्टोक्वार्क (एलक्यू) और राइट हैडेंड न्यूट्रिनों तक विस्तार होता है तब हिग्स भौतिकी के लिए दिलचस्पी नया प्रभाव हो सकता है। हम दिखाते हैं कि स्टेराइल न्यूट्रिनों क्वार्कों और 1/3 विद्युतचंबकीय आवेश का स्केलर एलक्यू से जुड़े एक युग्मन डायगोनाल के माध्यम से डाउन-टाइप क्वार्क युकवा अंतक्रियों को अच्छी तरह से बढ़ा सकता है। संबंधित परिवर्तन क्वार्कों के मामले में अधिक होता है क्योंकि वे मानक नमूने में छोटे युकवा युग्मनों को गायब कर देते हैं। वर्द्धित युग्मन मानक नमूने में 125 GeVहिग्स स्केलर के उत्पादन के लिए क्वार्क संलयन प्रक्रिया में बहुत कम योगदान देता है , हालांकि ग्लुआन संलयन हमेशा हावी रहता है। परंतु, यह सामान्य स्केलर के लिए सत्य नहीं है। उदाहरण के रूप में, हम एक मानक नमूने-गज-सिंगलेट स्केलार को ले सकते हैं जहां सिंगलेट स्केलार और एलक्यू के बची एक O(1) युग्मन को अनुमति है। यहां क्वार्क संयलन प्रक्रिया का बहुत क्रॉस सेक्सन हो सकता है, विशेष रुप से एक हल्के सिंगलेट स्केलार के लिए। एलक्यू द्रव्यमान के बड़े मूल्य को कम करने के लिए यह सामान्य रूप से प्रभावी ग्लुऑन संलयन प्रक्रिया को भी प्रभावित कर सकता है । इस नमूने की जांच हो सकती है / दो-प्रधार

संदर्भ : ई-प्रींट : 2002.12571 [एचइपी-पीएच]

(अरबिंद भाष्कर, देबोत्तम दास, विभावसु दे, सुभद्रीप मित्रा)।

20. डॉ. मित्रा का अनुसंधान काम व्यापक न्यूट्रिनो उत्पादन के मानम नमूने के परे परिघटनात्मक स्वरुपों का पता लगाता है । 01.04.2019-31.03.2020 के दौरान प्रि-प्रींट सहित पाँच लेख प्रकाशित हुआ है। उन प्रकाशनों में से फिजिक्स रिव्यू डी 101, 075050, फिजिक्स रिव्यू डी 99 (2019) संख्या 11, 115015 है। हमने दोगुना आवेशित हिग्स उत्पादन और भिन्न भिन्न कोलाइडरों में इसके चिह्नों का पता लगाया। इसके अतिरिक्त फिजिक्स रिव्यू डी 100 (2019) संख्या 9 , 095022 में, हमने लेप्टॉन संख्या उल्लंघनकारी रेयर मेसॉन क्षयों का पता लगाया । अंत में, फिजिक्स रिव्यू डी 101 (2020) 075037, में हमने भविष्य के लिए एक R2-टिल्डे लेप्टोक्वार्क नमूने की खोज संभावनाओं का पता लगाया ।

(एम. मित्रा)

21. एलएचसी में एक विकिरण सी सॉ नमूने की रूपरेखा में बहु-आवेशित स्केलारें और फर्मीऑन

विकिरण से उत्पन्न सामूहिक न्यूट्रिनो की एक नमूने का कोलाइडर चिह्न का अध्ययन किया गया है। इस नमूने में शामिल हैं मानक नमूने गेज समरुपता की रूपरेखा में नये स्केलार और एकल/दोगुना फर्मीआन । इन नए स्केलारों/फर्मीआनों के अतिआवेशों को इस तरह बांटा गया है ताकि कपलिंग को रोकने के लिए कोई अतिरिक्त सममिति की आवश्यकता नहीं होती है, जो ट्रि लेबल पर व्यापक न्यूट्रिनो का उत्पादन करता है। परिणाम स्वरुप, इस परिदृश्य का कणिका स्पेक्ट्रम में एकल, दोगुना और तिगुना आवेशित स्केलारों शामिल हैं, जो लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर (एलएचसी) में दिलचस्पी मल्टी-लेप्टॉन चिह्नकों को जन्म देता है। हम ने इन बहु-आवेशित स्केलारों की परिघटना को एलएचसी में अध्ययन किया और मौजूदा एलएचसी खोज से सीमाओं (व्यापक रुप) प्राप्त किया है। हमारा प्रस्ताव भी है कि भविष्य में एलएचसी में खोज के लिए नयी रणनीतियाँ बनानी है । अंतिम परिणामों को चित्र-1 में दर्शाया गया है ।



चित्र-1 : हमारे प्रस्तावित घटना चयन करने का मापदंड, दोगुना आवेशित फर्मीआन (बाएं पैनल) और एकल के साथ साथ तिगुना आवेशित स्केलारों की 3**σ** (5**σ**) खोज के लिए अपेक्षित लुमिनोसाइटस को संबंधित कण द्रव्यमान के फलन के रूप में टुकडे में बांटा गया है। छायांकित क्षेत्र पैरामीटर स्थान के हिस्सों के अनुरूप है जिसमें एलएचसी खोज को शामिल नहीं किया गया है ।

(अवनिश, कीर्तिमान घोष)

22. सार्वभौमिक इतर-विमीय परिदृश्य की परिघटना

भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर ने दिनांक 16-28 फरवरी 2020 के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया। इस पखवाड़ा के दौरान विशेष गतिविधियाँ आयोजित की गयीं जैसे कि वृक्ष रोपण, स्वच्छता प्रशिक्षण, स्कूल के बच्चों और ग्रामवासियों के लिए अभिमुखिकरण कार्यक्रम, श्रमदान गतिविधियाँ, अपशिष्ट अपघटन संयंत्र की स्थापना और परिसर में प्लास्टिक के व्यवहार पखवाड़ा के अंश के रूप में दिनांक को कुरुम पुरातत्व बौद्धधर्म स्थल, कोणार्क पर आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में लगभग 100 ग्रामवासी और 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। पूरा क्षेत्र को साफ किया गया । इस पखवाड़ा के दौरान 74 पौधें रोपे गये।दिनांक 28.02.2020 को संस्थान में जवाहार नवोदय विद्यालय के लगभग 250 विद्यार्थियों और 50 शिक्षकों को स्वच्छता शपथ दिलाई गयी।

(दिनांक 18.02.2020 को स्वच्छता प्रशिक्षण और अभियान के दौरान कुरुम में प्रतिभागियों के साथ प्रो. एस. एम. युसूफ, निदेशक, श्री आर.के. रथ, रजिस्ट्रार और अन्य कर्मचारीगण)

(कुरुम में स्वच्छता पखवाड़ा के संबंध में ग्रामवासियों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रो. एस. एम. युसूफ, निदेशक)

(बौद्ध धर्मस्थल कुरुम गांव में निदेशक, रजिस्ट्रार, ग्रामवासियों और कर्मचारियों द्वारा सफाई का काम हो रहा है)

(दिनांक 28.02.2020 को संस्थान परिसर में प्रो. एस. एम. युसूफ, निदेशक और अन्य कर्मचारियों द्वारा वृक्षरोपण हो रहा है)

6.5 वर्ष 2019-20 में खेलकूद गतिविधियाँ

वैज्ञानिक गतिविधियों के साथ, भौतिकी संस्थान ने अपने समस्त सदस्यों को शारीरि रूप से स्वस्थ रखने के साथ साथ विभिन्न खेलकूद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए खेलकूद तथा सांस्कृतिक गतिविधियॉ आयोजित की जाती है। भौतिकी संस्थान कर्मचारी कल्याण समिति ने आईओपी में विभिन्न प्रकार के खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को आयोजित किया है। खेलकूद गतिविधियों का आयोजन करने के लिए खेलकूद तथा सांस्कृतिक समिति का गठन हुआ है।

खेलकूद एवं सांस्कृतिक समिति के सदस्यगण हैं : डॉ. सुरेश कुमार पात्र (अध्यक्ष), डॉ. तपोब्रत सोम, श्री दिल्लीप कुमार चक्रवर्ती, संतोष कुमार चौधूरी, श्री जितेंद्र कुमार मिश्र, श्री सहदेव जेना, श्री विश्वजित दास और बालकृष्ण दाश (संयोजक)। भौतिकी संस्थान कर्मचेारी कल्याण समिति के कार्यकारी निकाय के सदस्यगण है : डॉ. सुरेश कुमार पात्र (अध्यक्ष), श्री भगबान बेहेरा (सचिव), डॉ. अरिजित साहा, श्री बी.के. दाश (खेलकूद संयोजक), श्रीमति ए.के. कुजूर, श्री पी.बी. पात्र, श्री राजेश महापात्र, श्री बी. मोहांति (सांस्कृतिक संयोजक) और श्री समरेंद्र दास।

वर्ष 2019-20 के दौरान आयोजित की गयी विभिन्न गतिविधियॉ :

1. दिनांक 15 अगस्त 2019 को फुलबल मैच का आयोजन किया गया। यह मैच निदेशक (संकाय सदस्यों और शोधछात्र) का टीम और रजिस्ट्रार (कर्मचारीगण) का टीम के बीच बंधुत्वपूर्ण मैच था। इस फुटबॉल मैच का आनंद लगभग 95 दशर्कों ने लिया।
2. दिनांक 26 जनवरी 2020 को एक बंधुत्वपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया था। यह मैच निदेशक (संकाय सदस्यों और शोधछात्र) का टीम और रजिस्ट्रार (कर्मचारीगण) का टीम के बीच बंधुत्वपूर्ण मैच खेला गया था। रजिस्ट्रार टीम ने यह मैच जीता। यह मैच अत्यंत रूचिकर था। इस क्रिकेट मैच में लगभग 95 दशर्क उपस्थित थे और अत्यंत सफल रहा।
3. संस्थान ने जनवरी 2019 के दौरान वार्षिक खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इन खेलकूदों की शुरूआत 09.01.2020 से शुरू हुई थी और 30.01.2020 को पूरी हुई। कुल खेलकूदों की संख्या 17 थे । लगभग 60 सदस्यों ने इस में भाग लिया, 32 परिजनों ने महिलाओं के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लिया और बच्चों के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं में 45 बच्चों ने भाग लिया। 20 कर्मचारियों ने इस वार्षिक दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को वार्षिक दिवस कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया।

6.6. संस्थान में आयोजित अन्य गतिविधियाँ

6.6.1 सतर्कता जागरुकता सप्ताह-2019

1. भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर ने 28.10.2019 से 02.11.2019 तक संस्थान में सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया। दिनांक 28.10.2019 को अप. 5.00 बजे संस्थान के व्याख्यान भवन प्रारंभ हुआ जिसमें संकाय सदस्यगण, शोधछात्रगण और कर्मचारीगण उपस्थित थे। श्री आर.के. रथ, रजिस्ट्रार ने एकत्रित श्रोताओं का स्वागत किया और इस वर्ष का विषयवस्तु "सत्यनिष्ठा-जीवन का एक मार्ग पर व्याख्यान प्रदान किया। प्रो. बी. आर. शेखर, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने उपस्थित संकाय सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों को सतर्कता शपथ दिलाया। इस शपथ ग्रहण उत्सव धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुआ। ई-शपथ भी संस्थान की वेबसाइट के माध्यम से अनुपस्थित कार्मिकों को दिलाया गया था। इस सप्ताह के दौरान संस्थान कई स्थानों पर अलग अलग नोटिस बोर्ड पर सतर्कता निवारक संबंधित पाम्फलेटस, और पोस्टर प्रदर्शित किये गये थे और "सत्यनिष्ठा-जीवन का एक मार्ग " पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

4. वर्ष 2019-20 के दौरान, आईओपी खिलाड़ियों ने पऊवि के विभिन्न यूनिटों द्वारा आयोजित पऊवि क्षेत्रीय खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लिया । उनमें से प्रो. पी. वी. सत्यम और श्री ज्योति रंजन बेहेरा ने टीटी के लिए और श्री श्रीकांत मिश्र, शतरंज के लिए और सुश्री लिपिका साहु कैरम में कोणार्क टीम की ओर अंतिम मैच खेलने के लिए चयनित हुए थे ।

(सतर्कता जागरुकता सप्ताह के उदघाटन कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सदस्यों को शपथ दिलाते हुए
प्रो. बी. आर. शेखर, मुख्य सतर्कता अधिकारी)

6.6.2 स्वतंत्रता दिवस समारोह -2019

भौतिकी संस्थान ने अपने परिसर में 73वें स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया। इस समारोह के अवसर पर आयोजित झंडा फहराने उत्सव में संस्थान के संकाय सदस्यगण, विद्यार्थीगण, कर्मचारीगण और उनके परिजनों ने भाग लिया था। इस अवसर

(स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर में दिनांक १५ अगस्त २०१९
को झंडा फहराते हुए श्री आर.के. रथ, रजिस्ट्रार)

पर 15 अगस्त 2019 को श्री आर.के. रथ, रजिस्ट्रार ने राष्ट्रीय ध्वजा को सुबह 09.05 बजे फहराया। तुरंत उसके बाद राष्ट्रीय गान गाया गया। रजिस्ट्रार ने एकत्रित लोगों को संबोधित किया। अपने स्वतंत्रता दिवस संदेश में उन्होंने देशभक्ति के महत्व और सभी को हमारे राष्ट्र के शहीदों द्वारा दिए गए बलिदान की याद करने के लिए कहा । उसके बाद कैंपस बच्चों ने कुछ देशभक्ति गीत गा कर सुनाए, जिसके बाद धन्यवाद दिया और मिठाई बांटी गयीं।

6.7.3. इंस्टीच्यूट ऑफ फिजिक्स एंप्लएज वेलफेयार सोसाटी की गतिविधियॉ-2019-20

इंस्टीच्यूट ऑफ फिजिक्स एंप्लयर वेलफेयार सोसाइटी (आईओपीइडब्ल्यूएस) सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत एक पंजीकृत स्वतंत्र निकाय है। यह आईओपी भुवनेश्वर के कर्मचारियों के लिए एक महत्व कार्य है और इसका लक्ष्य है "हम एकसाथ बढ़ते हैं " । आईओपीइडब्ल्यूएस ने वर्ष 2019-20 के दौरान अपने सदस्यों के साथ साथ उनके

परिजनों के लिए निम्नलिखित कल्याणकारी काम किया है। परिसर में दिनांक 14.04.2019 को "वैशाखी संध्या" मनाया था। जलछत्र अप्रैल-जून 2019 को आम जनता के लिए आयोजित किया गया था। परिसर में दिनांक 15 अगस्त 2019 को अकादमिक टीम और प्रशासनिक टीम के बीच एक बंधुत्वपूर्ण फुटबॉल मैच का आयोजन किया था। वार्षिक पिकनिक का आयोजन दिनांक 25.12.2019 को अपने सदस्यों के साथ साथ उनके परजिनों के लिए भितरकनिका वन्यजीव अभयारण्य में आयोजित हुआ था । संस्थान परिसर में अपनी स्थापना दिवस 01.01.2020 को आयोजित हुआ था। गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिनांक 26.01.2020 को अकादमिक टीम और प्रशासनिक टीम के बीच एक बंधुत्वपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया था। चार पहिये वाली गाड़ियों के लिए मेसर्स गो-स्पीडी गो, भुवनेश्वर के सहयोग से 25.01.2020 को नि :शुल्क हेल्थ-चेकअप कार्यक्रम आयोजित किया गया था ।

6.7.4. गणतंत्र दिवस समारोह-2020

भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर ने दिनांक 26 जरवरी 2020 ओ अपनी परिसर में 71वें गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया। ब्लॉक-ए भवन के सामने संकाय सदस्यगण, विद्यार्थीगण, कर्मचारीगण और उनके परिजनों ने देशभक्ति और समर्पण भावना सहित एकत्रित हुए थे। यह कार्यक्रम श्री आर.के. रथ, रजिस्ट्रार द्वारा झंडा फहरा जाने के साथ आरंभ हुआ। उन्होंने अपना संबोधन हिंदी भाषा दी। रजिस्ट्रार ने संविधान के महत्व और इसकी अनूठी विशेषताओं जैसे कि संप्रभु, समाजवादी,

धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और गणतंत्र संविधान की प्रस्तावना में निहित बताया । उन्होंने भौतिकी संस्थान द्वारा हासिल विभिन्न उपलब्धियों के बारे जानकारी दी और अपनी उपलब्धियों के माध्यम से जनता को प्रेरित होने के लिए बताया। संबोधन के बाद राष्ट्रगान, स्टाफ के बच्चों द्वारा विभिन्न गीत जो राष्ट्र की एकता और गार्ड ऑफ ऑनर में विविधता में एकता की झलक देते हैं। यह कार्यक्रम सभी व्यक्तियों के सामूहिक प्रयासों से एक महान् राष्ट्र बनाने के संदेश के साथ समाप्त हुआ । एकत्रित व्यक्तियों को मिठाई बांटी गई।

6.7.5. SPIC-MACAY कार्यक्रम

भौतिकी संस्थान,भुवनेश्वर ने दिनांक 2 नवम्बर 2019 को अपने अडिटोरियम में स्पिक मैके के तत्वावधान में "ब्रह्म मुहुर्त" का आयोजन किया था। वार्षिक रातभर शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम यामिनी- 2019, जो शास्त्रीय संगीत की दुनिया के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों को लेकर आयोजित होता है । इस कार्यक्रम का उद्घाटन स्पिक मैके के संस्थापक डॉ. किरन सेठ द्वारा हुआ था । डॉ. सेठ ने यामिनी रातभर के कार्यक्रम होने का प्रयोजन के बारे में बताया, यह कार्यक्रम कैसे ध्यानपूर्वक शाम को शुरु करके अगले दिन सुबह समाप्त करने के लिए क्यूरेट किया गया। डॉ. सेठ ने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्पिकमैके को एक स्वैच्छिक आंदोलन के रूप में किस तरह से समाज में रखा गया है जहां हर चीज की व्यावसायिक धारणा है।



6.7.6. महिला कक्ष की गतिविधियाँ

भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर में दिनांक 09 मार्च 2020 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2020 मनाया गया था। इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रो. सीखा वर्मा, अध्यक्षा, महिला कक्ष, आईओपी द्वारा दिनांक 09.03.2020 को दो वार्ताओं का आयोजन किया गया था। यह वार्ता स्काइपी पर अधिवक्ता (सुश्री) रामा सरोडे, सामाजिक-विधिक परामर्शदाता और प्रशिक्षक, सचिव-सहयोग ट्रस्ट, पुणे ने वार्ता प्रदान की । वार्ता का शीर्षक था

1. लिंग और समानता को समझना
2. मी टू आंदोलन से शिक्षा : यौन उत्पीडन की रोकथाम आगे बढ़ने का रास्ता

वक्ता के बारे में : रामा सरोडे माई ग्रोत जोन के निदेशक हैं जो डिजिटॉल सामग्री विकसित करने का एक संगठन है। रामा सरोडे सामामजिक-कानूनी पर एक प्रशिक्षक के रूप में 18 साल का अनुभव है। उन्होंने सहयोग के सचिव के रूप में अपने कानूनी हस्तक्षेप करके मानवाधिकार और कानून रक्षकों के माध्यम से अनेक पहल की है । उन्होंने महिलाओं, बच्चों, वकालत, एचआईवी, यौनकर्मियों के अधिकार और पुरुष के साथ यौन संबंध रखने वाला पुरुष (एमएसएम) और कैदियों से संबंधित मुद्दों पर विभिन्न पदों में काम किया है। उन्होंने वकीलों पर निर्भरता कम करने के लिए कैदियों को पैरालीगल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया है । वह सहयोग ट्रस्ट के सचिव है और निर्बल समूह को मानवाधिकार एवं कानून रक्षकों के हस्तक्षेप कक्ष के तहत न्याय पहुंचाने के लिए कानूनी सहायता प्रदान करने में काम करती है। उनका अनुभव कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन की रोकथाम, परिवार कानून, महिलाओं और बच्चों से संबंधित कानूनों और नए भाषाई प्रोग्रामिंग के क्षेत्रों में है। उनको महाराष्ट्र राज्य गांधी मंच की ओर से, सारथी पुरस्कार और सुंदरजी इंस्टीट्यूट के आचीवर आवार्ड पुरस्कार प्राप्त हुआ है जो मानविकी के क्षेत्र में उनके काम को मान्यता मिलती है।

(आईओपी-ब्लॉक-बी भवन में "लिंग और समानता" को समझना विषय पर वार्ता प्रस्तुत करती हुई श्रीमति रामा सरोडे)

लिंग और समानात को समझना

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2020 का विषयवस्तु था " मैं समानता पीढ़ी का हूं : महिलाओं के अधिकार को साकार करना" । यह विषय नए बहुसांस्कृतिक अभियान, समानता पीढ़ी, लैंगिक समानता और महिलाओं के सशक्तिकरण के अनुरूप हैं। पच्चीस सालों से कार्रवाई के लिए बेजिंग घोषणा और प्लेटफार्म को अपनाने के कारण-हम अभी भी चौराहे पर हैं जहाँ भारत में कई लिंग-संबंधी असमानताएँ मौजूद हैं । इस सत्र ने हमारे समाज में लिंग आधारित समानता प्राप्त करने के लिए बारीकियों और रोडमैप को कवर किया है। बात-चीत के बाद, प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान यह उल्लेख किया गया कि प्रशिक्षित पेशवरों द्वारा स्कूली बच्चों के लिए यह कार्यशाला आयोजित की गयी थी, इस संबंध में हमारी युवा पीढ़ी को एक युवावस्था से इस तरह के दृष्टिकोण के लिए मार्गदर्शन करेंगी।

(श्रीमति रामा सरोडे आईओपी में " मी टू" आंदोलन से शिक्षा : यौन उत्पीडन की रोकथाम आगे बढ़ने का रास्ता " पर कई सदस्यों के साथ बातचीत कर रही है)

" मी टू" आंदोलन से शिक्षा : यौन उत्पीडन की रोकथाम आगे बढ़ने का रास्ता

मी टू आंदोलन ने कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा शुरु की है। नब्बे दशक में भैरबी देवी का मामला भारत की अंतरात्मा को हिला दिया और कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा पर चर्चा करने के लिए लाया है। उच्चतम न्यायालय ने विशखा के मामले में कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीडन को रोकने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया है। हालांकि इसका कार्यान्वयन कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध, और निवारण) अधिनियम 2013 पारित होने के बाद ही मजबूत हुआ है। इसके अलावा, आंतरिक शिकायत समितियों की भूमिका के बारे में चर्चा करने के लिए कुछ मामलों के उदाहरणों और बारिकियों को मिटा दिया गया है। वार्ता की प्रतिक्रिया बहुत उत्साही और सकारात्मक थी। आईओपी की महिला कक्ष इस तरह की अधिक चर्चाएँ और प्रस्तुतियाँ आयोजन करने की योजना बनाएगी।

सुविधाएँ

7.1 प्रमुख प्रायोगिक सुविधाएँ : 129

7.2 कंप्यूटर सुविधा : 139

7.3 कंप्यूटर सुविधा : 139

7.4 अणुनेट सुविधा : 139

7.5 पुस्तकालय : 139

7.6 प्रेक्षालय : 142

7.1 प्रमुख प्रायोगिक सुविधाएँ

एकीकृत निम्न ऊर्जा आयन सोपानीकरण और यूएनवी विकसित प्रणाली

हाल ही में, हमने नैनोस्केल कार्यों जैसे कि प्लाज्मोनिक्स, चुंबकीयता और प्रकाशिकी गुणधर्मों आदि को



प्राप्त करने के लिए स्वत :- संगठित सोपानित अवस्तरो के निर्माण के लिए और स्वस्थाने अल्ट्राथीन फिल्में और स्वत :संगठित नैनोसंरचनाओं के लिए एक आण्विक बीम एपीटेक्सीय सिस्टम सहित एकीकृत निम्न ऊर्जा आयन सोपानीकरण यूनिट की अधिष्ठापना और कमीशन किया है। इस सुविधा में संरचनात्मक अभिलक्षण माडुल रहता है और स्वस्थाने व्यवस्थित मॉडुल जोडने का काम चल रहा है जो देश में एक अद्वितीय सिस्टम होगी।

इसीआर आयन स्रोत आधारित निम्न से मध्यम ऊर्जा आयन बीम सुविधा का विकास

हमने 200 KV उच्च वोल्टता डेक पर इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन अनुनाद (इसीआर) आयन स्रात की अधिष्ठापना की है। इससे हम आयन रोपण, नैनोस्केल सोपानीकरण, आयन बीम उत्प्रेरित एपीटैक्सीयल क्रिस्टालाइजेशन, आयन बीम मिश्रण, आयन बीम रुपण, अंत :स्थापित नैनोसंरचना के संश्लेषण आदि के लिए सौ keV से कई MeV ऊर्जा तक बढ़ाने के लिए सक्षम होंगे। इस सुविधा से इनर्ट गैस आयनों (हिलियम के अलावा) को इस्तेमाल करने और मौजूदा पैलेट्रॉन त्वरक 1 MeV की से कम ऊर्जा इस्तेमाल के लिए अपनी असमर्थता अंतर को पूरा करने में मदद मिलेगी।



आयन बीम सुविधा

आयन किरणपुंज प्रयोगशाला

संस्थान की प्रमुख सुविधाओं में से आयन किरणपुंज प्रयोगशाल में अधिस्थापित एनईसी द्वारा निर्मित तीन एमवी वाले पैलेट्रॉन त्वरक एक महत्वपूर्ण सुविधा है, जिसका प्रयोग देश के सभी प्रांत के शोधकर्ताओं द्वारा होता है। यह त्वरक प्रोटॉन तथा अल्फा से लेकर भारी आयन तक के 1-15 MeV ऊर्जा आयन किरण पुंज प्रदान

करता है। साधारणत: H, He, C, N, Si, Mn, Ag और Au आदि के किरणपुंज होते हैं। MeV ऊर्जा सकारात्मक आयन किरणपुंजों के लिए विविध आवेश अवस्थायें संभव है। सकारात्मक गैस उत्पादन करने हेतु आर्गन गैस को विपट्टक गैस के रूप में प्रयोग किया जाता है। दो एमवी से अधिक टर्मिनॉल विभव के भारी आयनों (कार्बन अथवा इससे अधिक) के लिए सर्वाधिक संभावित आवेश स्थिति 3+ है ।

बीम कक्ष में छ: बीम लाइनें हैं रदरफोर्ड पश्चप्रकीर्णन (RBS) इलास्टिक रिकएल संसूचन विश्लेषण (ERDA) प्रोटन उत्प्रेरित एक्स-किरण उत्सर्जन (PIXE), अल्ट्रा हाई वेक्युम (UHV) एवं आयन प्रणालीकरण के लिए -45 डिग्री बीम लाइन प्रयोग किया जाता है। एएमएस रेडियोकार्बन -15 डिग्री लाइन में किया जाता है। बहुगुणी संसूचक का प्रयोग करके नाभिकीय भौतिकी परीक्षण के लिए साधारण उद्देश्य से एक उपयुक्त प्रकीर्णन चेम्बर 0 डिग्री बीम लाइन में उपलब्ध है। इस बीम लाइन में वायुमण्डल का प्रोटॉन प्रेरित एक्स-किरण उत्सर्जन करने के लिए एक बीम पोर्ट उपलब्ध है। 15 डिग्री बीम लाइन के साथ एक रास्टेर स्कैनर रखा गया है, जिसका प्रयोग आयन रोपण के लिए किया जाता है। 30 डिग्री बीम लाइन में पृष्ठीय विज्ञान के परीक्षण के लिए एक यूएचवी चैम्बर रखा गया है । 45 डिग्री बीम लाइन में सूक्ष्म किरण पुंज सुविधा उपलब्ध है।

आईबीएल में अनेक प्रकार के परीक्षण होते हैं, उनमें से प्रमुख हैं आयन किरण पुंज में परिवर्तन करना और आयन किरण पुंज के विश्लेषण करना। जिनमें शामिल हैं-आयन रोपण, किरणन, प्रचालन, रदरफोर्ड पश्चप्रकीर्णन और कणिका उत्प्रेरित एक्स-रे उत्सर्जन । इस त्वरक का प्रयोग त्वरित्र द्रव्यमान स्पेक्ट्रमापी (एएमएस) द्वारा रेडियोकार्बन काल-निर्धारण किया जाता है। आईबीएल द्वारा प्रदत्त AMS और सूक्ष्म प्रयोगात्मक सुविधा भारत में अद्वितीय है । पृष्ठीय विज्ञान में अनुसंधान के लिए आईबीएल में रखी गयी आवश्यक



सुविधाओं में शामिल है : पृष्ठीय भौतिकी बीम लाइन पर रखा गया परा-उच्च I नम्न ऊर्जा इलेक्ट्रॉन विवर्तन (एलईईडी) यूनिटों से सुसज्जित है।

आयन किरणपुंज विश्लेषण एंड स्टेशन

हाल ही में, हमने सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आयन बीम प्रयोगशाला में एक आयन बीम एंडस्टेशन स्थापित किया है। यह एंडस्टेशन देश में अद्वितीय है, यह आयन बीम विश्लेषण तकनीकियों जैसे रदरफोर्ड पश्चप्रकीर्णन स्पैक्ट्रममिति (आरबीएस), आरबीएस-प्रत्यास्थ प्रतिक्षेप संसूचन विश्लेषण (इआरडीए) पर आधारित है और परीक्षण के लिए समर्पित है । जबकि आरबीएस का संबंध भारी तत्वों की गहराई की रूपरेखा बनाने से है। एकल क्रिस्टलों के विश्लेषण के लिए और क्रिस्टलीय गुणवत्ता आकार परत की मोटाई, विकृतियों की सीमा और परमाणु क्षेत्र के निर्धारण के लिए ऐपीटेक्सीय परतों का विश्लेषण करने में आरबीएस-प्रचालन सक्षम है। इसके अलावा, इसे प्रकाश तत्वों से निर्मित भारी वस्तुओं के एकल क्रिस्टलीय अवस्तर पर एकत्रित अनाकार पतली फिल्मों की मोटाई के सटीक निर्धारण के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। दूसरी ओर निम्न ऊर्जा इआरडीए एक साथ ही एवं अविनाशी तरीके से हाईड्रोजन और इसके आइसोटोपों के निरपेक्ष निर्धारण में मदद करता है। वस्तुओं के मौलिक विश्लेषण के लिए प्रोटॉन प्रेरित एक्स-रे उत्सर्जन (पीआईएक्सइ) जोड़कर इस उपकरण का उन्नयन किया जा सकता है। यह एंडस्टेशन लोड लॉक सिस्टम और एक आयताकार नमूने धारक से सुसज्जित है, जिसमें एक साथ दस से

अधिक नमूनें रखे जा सकते हैं। इन परीक्षणों को उजागर करने के लिए वायु व्यवधान की समाप्ति आवश्यक है। नमूनाओं को एक्सवाईजेड मोटरों की सहायता से आयन बीम के सामने सही ढंग से रखा जा सकता है और सीसीडी कैमरा द्वारा मॉनीटरन किया जा सकता है और वेक्यूम संबंधित दुघटनाओं से बचने के लिए सभी गेटवाल्वों और वेक्यूम पम्पों को बंद कर दिया जाता है। इसके अतिरिक्त, कक्ष में दो सतह वाहक संसूचक रखे गये हैं- एक है आरबीएस परिमापन के लिए और दूसरा इआरडीए मापन के लिए है। उनको अपने अपने इलेक्ट्रोनिक माड्यूल के साथ जोड़ा गया है और आंकड़ा अर्जन प्रणाली को एक कंप्यूटर से जोड़ा गया है।

आयन बीम उत्कीर्णन द्वारा सतह पर नैनोसंरचना करना

पृष्ठीय नैनोसंरचना और वृद्धि प्रयोगशाला (एसयूएनएजी) में कम ऊर्जा वाली (50 eV – 2 keV) ब्रॉड बीम (I डायमीटर)है जो इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन अनुनाद (ईसीआर) स्रोत पर आधारित, आयन बीम उत्कीर्णन सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। जिससे स्वत: संगठित सतह पर नैनोसंरचना की जा सकती है । यह स्रोत विभिन्न पम्पिंग यूनिटों से जुड़ा हुआ है, जो आयन उत्कीर्णन प्रक्रिया के दौरान अच्छी तरह से निर्वात् कक्ष में परीक्षण करने के लिए उपयोगी है। आयन स्रोत में एक यूवीएच संगत नमूने प्रक्रियाकरण कक्ष है, जिसके साथ एक लोड़ लॉक कक्ष और एक पाँच अक्षों वाल नमूना परिचालक लगा हुआ है। विभिन्न तापमात्राओं में नमूना पर नैनोसंरचना के लिए नमूनों का कम तापमात्रा (LN2) और उच्च तापमात्रा (1000 डिग्री सेलसियस) में रखा जाता है। किसी भी नमूने की स्थिति से अपना आवश्यक तापमात्रा में रखा जाता है । किसी भी नमूने की स्थिति से अपना आवश्यक तापमात्रा को मापा जा सकता है । जबकि आयन धारा को बीम पथ के सामने शटर रखकर मापा जाता है ।

सूक्ष्मदर्शी सुविधायें

उच्च विभेदन संचरण इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी (HRTEM) प्रयोगशाला

एचआरटीईएम साधन दो अवयवों से बना है : एक है

जेओएल 1 2010 (UHR) TEM और दूसरा सहचारी नमूना विरचन प्रणाली। उच्च विभेदन संचरण इलेक्ट्रॉन माईक्रोस्कोपी (HRTEM) 200 keV पर एक परा-उच्च विभेदन ध्रुव खंड (URP22) के साथ काम कर रहा है, LaB6 तंतु के इलेक्ट्रॉन से 0.19 nm विभेदन के प्रत्येक स्थान को उच्च गुणों के जालक से प्रतिबिंबित करने का आश्वासन मिलता है । संस्थान में तात्विक लक्षणन और संयोजन विश्लेषण के लिए Si(Li) संसूचक (INCA अक्सफोर्ड , यूके से) के साथ ऊर्जा परिक्षेपी प्रणाली का प्रयोग नियमित रूप से किया जाता है। यह साधन दोनों तलीय तथा प्रणालियों के वर्गगत TEM विश्लेषण करता है। नमूने बनाने के लिए, ग्राइंडर-सह-पॉलिशर, अल्ट्रा-सोनिक डिस कटर, डिम्पल ग्राइंडर, कम गति डायमंड व्हील वायर सॉ, ट्राइपड पॉलिशर, परिशुद्ध आयन प्रमार्जक प्रणाली (PIPS) और मिलिपोर जल विशोधक आदि के प्रयोग किये गये हैं । हाल ही में, एक कम तामात्रा शीतलक नमूना चरण निगृहिक (LN2के साथ शीतल करना, कक्ष तापमात्रा 110 K मेसर्स गतन इंक.) में पाने योग्य न्यूनतम तापमात्रा के मॉडल और एक ड्राइ पम्प प्रणाली

की अधिस्थापना हुई है । जिसके कम तथा उच्च तापमात्रा चरण हैं और द्रुत सीसीडी कैमरा से अपने स्थान पर रिएल टाइम अध्ययन के लिए यह सुविधायोग्य है ।

क्षेत्र उत्सर्जन गन आधारित क्रमवीक्षण इलैक्ट्रॉन बीम सूक्ष्मदर्शी - फोकसित आयन बीम प्रणाली सुविधा

क्रॉस बीम उपकरण में एक क्षेत्र उत्सर्जन गन पर आधारित क्रमवीक्षण इलैक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी (एफईजीएसईएम)



और एक फोकसित आयन बीम प्रणाली (एफआईबी) समाहित है । यह सुविधा लिफ्ट-आउट पद्धति का उपयोग करके एक्स-रे प्रतिदीप्त सहित मोलिक मानचित्रण (ऊर्जा फैलानेवाला स्पेक्ट्रोमेट्री (ईडीएस), स्केनिंग ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माईक्रोस्कोपी (एसटीईएम), ई-बीम लिथोग्राफी (मेसर्स रथ GmbH) और संचरण इलेक्ट्रॉन माईक्रोस्कोपी नमूने तैयार करने के लिए एक सहायक अन्य उपयोगी उपकरण है। इसका उद्देश्य स्वत : एकत्रित नैनोसंरचना में नीचे और ऊपर-नीचे की प्रक्रिया के संयोजन को समझना है। इस नयी पद्धति में परमाणु स्केल उपकरणों को विकसित करने में मदद मिलेगी, नैनो से सूक्ष्म स्केल संरचनाओं की संरचनात्मक पहलुओं को समझने के लिए और एसईएम और एफआईबी उपकरणों को बनाने के लिए । यह इलेक्ट्रॉन बीम ऊर्जा 100 eV से 20 keV के बीच अलग हो सकता है और जी आयन बीम ऊर्जा 2 – 30 keV की रेंज में अलग किया जा सकता है। इनकी छवियाँ उप-एनएम संकल्प से बनायी जा सकती है जब इन सुविधाओं का आयाम ~20 nm होता है।

बहुविधि स्कैनिंग प्रोब माईक्रोस्कोप सुविधा

भौतिकी संस्थान में एक बहुविधि एसपीएम (स्कैनिंग प्रोव माईक्रोस्कोप) उपकरण मौजूद है, जिसे वीको से मंगाया गया था, इसका नियंत्रण क्वोड्रेक्स के साथ नैनोस्कोपेला नियंत्रक के जरिए होता है । एसपीएम का व्यवहार व्यवहार मुख्यत: सतह आकार विज्ञान की जांच करने के लिए सतह विज्ञान और नैनोविज्ञान, नैनोसंरचना, चुंबकीय संरचना, प्रावस्था का प्रतिरूप बनाना, विद्युत



बल का प्रतिरूप बनाना, एसटीएम, एसटीएस और विद्युतरासायनिक एसटीएम के क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए होता है । यह एसपीएम मुख्यत: दो तकनीकों से चलती हैं : एक है स्कैनिंग टनेलिंग माईक्रोस्कोप (एसपीएम) , जिसमें प्रोब तथा नमूनों की सतह के

बीच की विद्युत धारा का प्रतिबिंब बनाया जाता है, और दूसरा है आण्विक बल सूक्ष्मदर्शी (एएफएम), जिसमें तात्विक बल का प्रतिबिंब बनाया जाता है । एएफएम को दो विधियों से चलाया जा सकता है अर्थात् कंटाक्ट विधि और टेपिंग विधि । इसके अतिरिक्त एएफएम का व्यवहार पार्श्विक बल माईक्रोस्कोपी (एलएफएम), बल माडुलन माईक्रोस्कोपी (एफएमएम), चुंबकीय बल सूक्ष्मदर्शी (एमएफएम), चुंबकीय बल माईक्रोस्कोपी , वैद्युतिक बल सूक्ष्मदर्शी (ईएफएम) और प्रावस्था प्रतिबिंब के लिए होता है । इससे द्रवीय पर्यावरण के अध्ययन भी संभव है ।

इसके अलावा, हमारे पास व्यापक क्षेत्र पड़ा है,अधिक परिशुद्ध एएफएम सेटअप है जिसके साथ निम्न Z- अक्ष वाली रव सुविधा भी है) । यह एएफएम सुविधा अवस्तरों और पतली झिल्लियों पर स्वत :संगठित सोपान के सूक्ष्ममापन के अध्ययन के लिए है । चालकीय एएफएम विधि से भौतिक गुणों के स्वर परिसर का अध्ययन किया जान है । इसके अलावा, स्वनिर्मित नैनो-दंतुरता और नैनो लिथोग्राफी सुविधायें भी हैं ।

इलेक्ट्रॉन स्पेक्ट्रोस्कोपी सुविधायें

एक्स-रे फोटोइलेक्ट्रॉन स्पेक्ट्रोस्कोपी सेट-अप

वर्तमान की प्रणाली में द्वि एक्स-रे एनोड होता है (Mg/Al)। नमूनों को एक परिचालक द्वारा संरेखण किया जाता है । फोटोइलेक्ट्रॉन ऊर्जा का विश्लेषण एक अर्धगोलीय दर्पण विश्लेषक द्वारा किया जाता है । इस प्रणाली में नमूना संरेखण और Ar आयन कणक्षेपण करने की सुविधा है । कणक्षेपण तकनीकी द्वारा प्रोफाइलिंग अध्ययन गहराई से किया जाता है, ये सारे परीक्षण $1x10^{-10}$ टर्र निर्वात में अल्ट्रा उच्च निर्वात (UHV) स्थिति के तहत किये जाते हैं।

नमूना सतह पर एक्स-रे फोटोन प्रघात करके उत्पादित फोटोइलेक्ट्रॉनों को तात्विक पहचान के लिए प्रयुक्त किया जाता है

। किसी नमूना में इलेक्ट्रॉन में एक्स-रे द्वारा फोटो-निष्कासन करने से, इलेक्ट्रॉन की गतिज ऊर्जा वितरण से विविक्त परमाणु स्तर का एक मानचित्र बनाता है । विशेष करके वस्तु के परमाणु के मुख्य स्तरों के बारे में है । एक्सपीएस का एक बहुत महत्वपूर्ण पहलू यह है कि वह परमाणु के विभिन्न रसायनिक पर्यावरणों के बीच अंतर दिखाने में समर्थ है । ये मुख्य स्तर के बंधन ऊर्जा विस्थापन के रूप में स्पेक्ट्रा में प्रतीत होते हैं । इस रासायनिक विस्थापन की उत्पत्ति इलेक्ट्रॉन के वर्द्धित अथवा उपाचित इलेक्ट्रोनिक स्किनिंग से आवेश समानांतरण के कारण होती है । फोटो निक्षेपित इलेक्ट्रॉन के छोटे छोटे माध्य मुक्त पथों से निर्मित XPS के अधिक पृष्ठीय सुग्राही (~1 nm) है यह तकनीकी पतली झिल्लियों की संरचना, विषमसंरचना, प्रतिदर्श गुच्छ और जैविक प्रतिदर्शों के अध्ययन के लिए उपयोगी है ।

कोण वियोजित पराबैंगनी फोटो इलैक्ट्रॉन स्पैक्ट्रमिकी प्रयोगशाला (ARUPS)

कोण वियोजित पराबैगनी फोटो इलैक्टॉन स्पेक्ट्रोमिकी (एआरयूपीएस) दोनों कोण समाकलित संयोजकता बैंड परिमापन और कोण वियोजित संयोजक बैंड परिमापन के लिए विभिन्न साधनों से सुसज्जित हैं । यह स्र धातु से निर्मित यूएचवी प्रणाली मेसर्स ओमिक्रॉन नैनो टेक्नोलॉजी, यूके से खरीदी गयी है। कोण समाकलित यूपीएस द्वारा हम पॉलिक्रिस्टालीन एवं पतली फिल्म नमूनों पर संयोजक बैंड़

इलेक्ट्रोनिक संरचना को प्रमाणित करते हैं । इस एकल क्रिस्टल पर कोण वियोजित अध्ययन संभव है । यह यूपीएस प्रणाली मुख्यत : एक विश्लेषण चेम्बर और एक नमूना प्रस्तुतिकरण चेम्बर से बना हुआ है । यह दोनों चेम्बर 10-11 मिलिवार वेक्यूम अवस्था में रहते हैं । इसका मुख्य चेम्बर कोण समाकलित अध्ययन के लिए एक १२५ एमएम अर्धगोलीय विश्लेषक से सुसज्जित है । इस चेम्बर में एक 2-अक्षों वाला ोनिओमीटर पर एक गतिशील एमए अर्धगोलीय विश्लेषक रखा गया है । इन ऊर्जा विश्लेषकों का वियोजन लगभग 15 meV है। एक परा-बैंगन विसर्जन लैम्प की He I (21.2 eV) और He II एवं बैंगन विसर्जन लैम्प की He I (21.2 eV) और He II (40.8 eV) रेखाओं को प्रकाश उत्तेजन के लिए प्रयुक्त किया जाता है । विश्लेषण चेम्बर भी 4- अक्षों वाली नमूने मैनिपुलेटर सह-क्राइयोस्टेट से सुसज्जित है, जो 20K तक नीचा किया जा सकता है । निम्न ऊर्जा इलैक्ट्रॉन विवर्तन (एलईईडी) को संचालन कराने की सुविधा भी विश्लेषण चेम्बर में उपलब्ध है । स्क्राप की सफाई और धातव झिल्लियों के वाष्पीकरण में नमूने प्रस्तुतिकरण चेम्बर सहायक होता है ।

पतली फिल्म वृद्धि सुविधायें

स्पंदित लेसर निक्षेपण (पीएलडी) तंत्र

यह एक नयी सुविधा है, विभिन्न द्रव्यों के ऐपीटेक्सीय वृद्धि के लिए पीएलडी तंत्र मदद करती है, यद्यपि सबसे अधिक पसंदीदा सामग्री है ऑक्साइड। विभिन्न स्रोतों से अनेक मॉड्यूलों की प्राप्ति करके हाल ही में अधिष्ठापित तंत्र का विकास एक भाग-वार-तरीके से किया गया । हम उपयुक्त अवस्तरों पर अतिचालक (यथा YBCO) और कोलोसॉल चुंबकीय प्रतिरोध (यथा LSMO) के ऐपीटेक्सी द्वि-एवं बहु-स्तरीय पतली फिल्मों का निक्षेपण कर रहे हैं ।

DC/RF मैग्नेट्रॉन कणक्षेपण तंत्र

हमने एक स्पंदित अर्/इ मैग्नेट्रॉन पर आधारित कण रंजन युनिट स्थापित किया है। इस युनिट में चार कणक्षेपण



गन हैं जिनमें से दो स्पंदित डी सी आपूर्ति द्वारा संचालित होने के लिए और अन्य दो आर एफ बिजली आपूर्ति से जुड़े हुए हैं। एक क्रियाधार उच्च गुणवत्ता के समरुप फिल्मों के बारी बारी से जमा होने के लिए बनाया गया है। कोई भी वर्द्धित तापमात्रा पर फिल्म विकसित करने के लिए उच्च तापमात्रा (600 डिग्री सेंटीग्रेड तक) में सबस्ट्रेट होल्डर को रखा जा सकता है। हमारे पास और एक समर्पित गन है जिससे पृष्ठसर्पी कोण पर निक्षेपण करके तीन विमीय वाले नमूनों पर नैनोसंरचना की जाती है। इसके अलावा निर्वात् कक्ष में नाइट्राईट एवं/अथवा ऑक्सॉइड परत बनाने के लिए एक लोड़ ब्लॉक और एक प्लाज्मा कक्ष होता है। हम इस



उपकरण के जरिये अर्धचालकों /वस्तुओं पर आकृति एवं आकार के यौगिक पतली फिल्मों को विकसित कर सकते हैं। इसके अलावा उनके भौतिक गुणधर्मों को भी देखा जा सकता हैं। नयी संरचनाओं और समान गुणों की प्रगत वस्तुओं को विकसित कर सकते हैं। टेम्पलित अवस्तरों पर वस्तुओं को विकसित करना और अवस्तर आकृति में विषमदैशिकता द्वारा संचालित भौतिक गुणधर्मों में परिवर्तन की तुलना करना इस उपकरण का मुख्य लक्ष्य है। पतली फिल्मों और सौरकक्ष, स्पिन्ट्रोनिक्स और नैनोफोटोनिक्स में प्रयोग के लिए समर्थ पतली फिल्मों और नैनोसंरचना को विकसित करने के लिए यह कार्यक्रम अपनाया गया है।

आण्विक बीम एपिटेक्सीयल – VTSTM

$1x10^{-10}$ mbar दबावों (अति उच्च निर्वात् स्थितियों) और अच्छी तरह से सतहों की सफाई करने से अल्ट्रा, सफेद सतह मिलते हैं । मोलक्युलार बीम ऐपीटेक्सी (एमबीई) परवर्त्ती तापमात्रा क्रमवीक्षण सुरंगन माईक्रोस्कोपी प्रणाली (वीटीएसटीएम) एक पुरानी अभिकल्पित युनिट है जिसे मेसर्स ओमिकार्न उस्ँ, जर्मनी से खरीदा गया था । यह उपकरण तीन कुंडसेन कोशिकायें, एक-इ-बीम वाष्पीकरण स्रोत, नमूनों और प्रतिरोधी तापन संलग्नकों को सीधे बदलाने, कंप्यूटर नियंत्रित प्रतिफलन उच्च ऊर्जा इलेक्ट्रॉन विवर्तन (आरएचईईडी) के विश्लेषण के लिए ऑन-लाईन उपकरणों, स्फटिक क्रिस्टल की मोटी मॉनीटर, अपशिष्ट गैस-विश्लेषक (आरजीए) अंतरण छड़ों के जरिए अपने प्रयोगशाला स्थित वीएसटीएम से बनाया हुआ है। इस उपकरण का उपयोग सिलिकॉन (100), सिलिकॉन (110), सिलिकॉन (553) और सिलिकॉन (557) प्रणालियों पर अल्ट्रा सफेद सतहों की पुर्नसंरचनाओं , सफेद सिलिकॉन सतहों पर दीर्घवृत्त से संगृहित Ge, Au Deewj Ag क्वांटम बिंदुओं और दीर्घवृत्त से वर्द्धित पतली झिल्लियों के अध्ययन के लिए किया जा रहा है । संस्थान स्थित एसटीएम का उपयोग नैनोसंरचनाओं पर सतह पुन : संरचनाओं के परमाणु तथा इलेक्ट्रॉनिक संरचना के अध्ययन के लिए किया जाता है। ऑन-लाईन आरएचईईडी का उपयोग दीर्घवृतीय झिल्लियों के विकास के लिए वास्तविक समय के अध्ययन के लिए किया जाता है।

संरचनात्मक गुणों की मापन सुविधायें

उच्च विभेदन एक्स-रे डिफ्राक्टोमीटर (HRXRD)

उच्च विभेदन एक्स-किरण डिफ्राक्टोमीटर (डी 8 डिस्कवर) उपकरण का संचालन ग्राजिंग के साथ साथ पाउडर एक्सआरडी अवस्था में किया जा सकता है। एचआरएक्सआरडी प्रणाली द्वारा एक्स-किरण सूत्रों के संभाव्य संयोजन, प्रकाशिकी, नमूनों की अवस्थायें और संसूचकों के साथ सहजतापूर्वक कार्य किया जा सकता है। यह प्रणाली एक गेनिओमीटर, शार्ट ट्रैक,

वर्टीकल 150 एमए तीन किलोवाट एक्सरे जेनेरेटर, बेहत्तर गुणवत्ता आंकड़े के लिए समानांतर बीम दर्पण के साथ पतली फिल्म विश्लेषण के लिए ग्राजिंग भार वस्तु, लंबाई की एक पुश प्लाग ग्लोबाल दर्पण , विकिरण स्त्रोत के साथ दर्पण चीर का एक सेट, एक फ्लैट मोनोक्रोमीटर, समानांतर बीम अनुलग्नक, (0.23°) स्थिर अपसरण चीर संगठकों जिसमें शामिल हैं 2.5° सोलेर, पुश प्लॉग आप्टिक्स के शार्ट स्पेसर, रेखाछिद्र प्लॉग का एक सेट, Cu विकिरण के लिए एक Ni बीटा फिल्टर, 2.5° सोलर के साथ मानक नमूना के चरण उत्सर्जित स्टिल संगठन, गतिशील शोभा संसूचक, प्रावस्था पहचान के लिए NaI और ICDD डाटा बेस से बना हुआ है । यह डिफ्राक्टोमीटर अनुकूल तथा प्रतिकूल परिवेश में गुणात्मक और मात्रात्मक प्रावस्था पहचान के लिए पूरी तरह से अनुप्रयोग, विभिन्न नमूनों के क्रिस्टाल संरचना की पहचान, क्रिस्टाल आकार निर्धारण, स्ट्रेन विश्लेषण, अवशिष्ट तनाव विश्लेषण और स्थापित संरचनाओं के प्रति अभिमुखता की क्षमता रखती है । इसके अलावा, संस्थान में दूसरा एक्सआरडी सेटअप (डी-8 प्रगत) भी है जो काम कर रहा है ।

एक्स आर आर और एक्स एस डब्ल्यू

एक्स-किरण परावर्तता और एक्स-रे अप्रभावी तरंग का परिमापन स्वतंत्र रूप से निर्मित साधन से किया जा रहा है, जिसमें मेसर्स राइकोगुआ (जापान) से खरीदा गया घूर्णन एनोड़ एक्स-रे स्रोत, एक सिलिकॉन एकल क्रिस्टल आधारित मोनोक्रोमाटर, नूना आरोहण तथा फेर-बदल केलिए एक- वक्रीय गोनिओमीटर, दो प्रकार के संसूचक (एनएएल और सिलिकॉन (एलआई) और , केवल एमसीए का एक स्टैंड, परिकलन तथा मोटर नियंत्रण के लिए सहयोजित नाभिकीय इलेक्ट्रोनिक उपकरण है । आंकड़े अर्जन तथा परीक्षण के लिए एक कंप्यूटर प्रयुक्त किया जाता है, जिसमें कार्ड जोड़े जाते हैं । यह कंप्यूटर लिनॉक्स ऑपरेटिंग पद्धति से चलती है।

एक्स-किरण परावर्तक्तता परिमापन का व्यवहार पृष्ठीय तथा अंतरापृष्ठीय की मसृणता और बहुस्तरों, एलबी फिल्मों, पॉलिमर जैसे अनेक पद्धतियों के गंभीर प्रोफाइल करने और इ-बीम वाष्पीकरण एमबीई संग्रहण एवं स्पिन कोटिंग पद्धतियों जैसी स्थितियों के संग्रहीत पतली झिल्लियों के अध्ययन के लिए किया जाता है । एक्स-रे स्थिर तरंग पद्धति में, स्थिर तरंगों का उत्पादन बहुस्तरों में होता है (स्वत:संगठित एकल परत और बहुपरत प्रणालियों की लंबी अवधि के कारण) और इसका व्यवहार पृष्ठीय तथं अंतरापृष्ठीय को पार करके परमाणु स्थिति निर्धारण के लिए किया जाता है उदाहरणस्वरुप Pt/C बहुस्तरों में Pt का वितरण ।

इस सुविधा का उपयोग पतली फिल्मों की संरचना और दीर्घवृत्तीय विकसित फिल्मों की अंतरापृष्ठों पर स्ट्रेन प्रोफाइल के अध्ययन के लिए उच्च संकल्प एक्सआरडीके रुप में किया जाता है ।

चुंबकीय गुण मापन की सुविधायें

अतिचालक क्वांटम व्यतिकरण उपकरण और कम्पनशील प्रतिदर्श चुंबकत्वमापी, (SQUID-VSM)

अतिचालक क्वांटम व्यतिकरण उपकरण - कंपमान

नमूने चुंबकत्वमापी प्रयोगशाला क्वांटम डिजाइन एमपीएमएस-एसक्यूयूआईडी-वीएसएम इवरकूल पद्धति से बना है । चुंबकीय गुण परिमापन पद्धति (एमपीएमएस) विश्लेषणात्मक उपकरणों में से एक है जिसका उपयोग नमूने के तापमात्रा और चुंबकीय क्षेत्र जैसे व्यापक क्षेत्र के चुंबकीय गुणों का अध्ययन के लिए किया जाता है। अत्यधिक रुप से,

अतिचालक क्वांटम व्यतिकरण उपकरण (एसक्यूयूआईडी) से अतिचालक छोटी छोटी कुंण्डलियों के संवेदी चुंबकीय परिमापन किया जाता है। गति तथा संवेदनशीलता को अनुकूल बनाने के लिए, कंपमान नमूने चुंबकत्वमापी (VSMs) की विश्लेषणात्मक तकनीकियों को चुंबकीय गुण परिमापन पद्धति, अतिचालक क्वांटम व्यतिकरण उपकरण और कंपमान नमूने चुंबकत्वमापी उपयोग करते हैं। विशेष रुप से, नमूने ए 1 पर कंपते हैं। उनकी तीव्रता मालूम पड़ती है और अवस्था की सुग्राही का संसूचन द्रुत आंकड़ा संग्रहण और गलत संकेत अस्वीकरण के लिए व्यवहार किया जाता है। नमूने द्वारा उत्पादित संकेत का आकार कंपन की तीव्रता पर निर्भर नहीं करता है, किंतु, नमूने के चुंबकीय क्षण, कंपन आयाम और एसक्यूयूआईडी संसूचन सर्किट की डिजाइन पर निर्भर करता है । अतिचालक क्वांटम व्यतिकरण उपकरण - कंपमान नमूने चुंबकत्वमापी 7 Tesla (70 KOe) तक चुंबकीय क्षेत्र की अतिचालक चुंबक (अतिचालक वायर का परिनालिका) नमूने का उपयोग करता है । हिलियम द्रव की सहायता से स्किवड और चुंबक को शीतल किया जाता है।हिलियम से नमूना चेम्बर को भी शीतल किया जाता है, किंतु नमूनों की तापमात्रा 400K से 1.8K तक कम कर दिया जाता है। मूलत : चुंबकीय क्षेत्र की सीमा 7 टी तक और 4 के से 400 के तक तापमात्रा की सीमा पर M-T,M-H और एसी सुग्राहित का परिमापन के लिए अतिचालक क्वांटम व्यतिकरण उपकरण-

कंपमान नमूने चुंबकत्वमापी का उपयोग किया जा सकता है।

प्रकाशिक गुणधर्म परिमापन सुविधा प्रकाश संदीप्ति और रमण स्पेक्ट्रोस्कोपी गुणधर्मों की जांच के लिए यंत्र

सीएमपीएफ यंत्र की अधिष्ठापना मई 2014में हुई थी और यह यंत्र साथ जल शितलक आर्गन लेजर से सुसज्जित है । माइक्रो रमण यंत्र पश्चउत्सर्जन ज्यामितीय में परिचालित है। संनाभि मानचित्रण क्षमताओं के साथ सब-माइक्रॉन स्थानिक वियोजन संभव है। लेजर उपयोग करके व्यापक रूप से उत्तेजन संभव है और वस्तु में गहराई से निक्षेपण नियंत्रित संभव है और इस प्रकार, नमूनें की मात्रा नियंत्रण

संभव है। इन तकनीतियों को मिलाकर, वस्तुओं की कंपनीय और इलेक्ट्रोनिक गुणधर्मों का चरित्र चित्रण संभव है। यह सिस्टम अक्साइड अर्धचालक सहित अनेक अर्धचालक सिस्टमों की विशेषताओं को समझने के लिए उपयोग किया जाएगा । हमारे समूह में साधारणत : आयन कणक्षेपण, तापीय निक्षेपण, वाष्प निक्षेपण के अंतर्गत अलग अलग प्रकार की तकनीकी से विकसित सतह, पतली फिल्मों और नैनोसरंचना की इलेक्ट्रोनिक संरचना के साथ साथ भौतिक, प्रकाशिक, चुंबकीय और रासायनिक गुणधर्मों की जांच कर रहे हैं। डीएनए की अंतक्रिया और सतह एवं नानोसंरचना की पॉलिमरों का अध्ययन भी हमारा समूह कर रहा है। अक्साइड अर्धचालकों में ऊर्जा भंडार वस्तुएँ उत्कृष्ट यूवी और दृश्यमान प्रकाश अवशोषण गुणधर्म दिखाई देते हैं जब उचित रूप से नैनो संरचनायें सोपानित होती हैं। डीएनए सहित अक्साइड सतह की अंतक्रिया अनेक उत्तेजन गुणधर्मों को प्रदर्शित करता है जिसके संवेदी और जैव-रोपण के तकनीकी महत्व होते हैं। हमारा समूह ने दिखाया है कि डीएनए भी मर्क्यूरी की एक छोटी से संवेदी के रूप में काम करता है। ये पद्धतियाँ उनकी कंपनीय गुणधर्मों की जांच करेंगी।

7.2 कंप्यूटर केंद्र

संस्थान की कंप्यूटर सुविधा दो वर्गो की सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित हैं, वे हैं : वैज्ञानिक गणना और इन-हाउस आईटी सुविधायें। संस्थान के विभिन्न वर्गों में आईटी बुनियादी ढांचे के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। केंद्र की गतिविधि सर्वर प्रशासन, मेजबानी विविध सेवाओं से लॉपटॉप/डेस्कटॉप और उपयोगकर्ता सहायता करता है। यह केंद्र अपनी सहायता संकरीकरण पर्यावरण में देता है, विविध ऑपरेटिंग प्रणालियों में शामिल हैं जैसे कि यूनिक्स आधारित (सेंट ओएस, रेडहॉट, फेडोरा, उबुंटु), एमएस विंडोज और एमएसी ओएस। हमारे डाटा केंद्र में सिस्टम प्रशासन को संभालने के लिए एक अत्याधुनिक तंत्र है जिसमें शामिल है मेल सर्विसेस, बेकअप सुविधा सहित केंद्रीयकृत भंडार समाधान और वेब और इंट्रानेट का इन हाउस में विकास और गिगाबेट नेटवर्क कनेक्टिविटी। हमारे डाटा केंद्र की गतिविधियों के निष्पादन के लिए, हमने उच्च स्तर सर्वर, कोर, वितरण, एक्सेस लेयर नेटवर्क स्विच, फायरवॉल (यूटीएम) और लोड बैलेंसर स्थापित किया है । कंप्यूटेशनॉल फ्रंट पर, 3 (तीन) क्लस्टर को होस्ट और रखरखाव करता है।

यह केंद्र 200 से अधिक डेस्कटॉपस, लॉपटप्स,सॉफ्टवेयार और लाइसेंस (मेथमेटिका, मतलब, ओरिजिनेटक) कार्यालय के विभिन्न कार्यालयों और प्रयोगशालाओं में अधिष्ठापित क्लोज्ड सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी), आधारित निगरानी प्रणालियां का देखभाल करता है। ऑन लाइन प्रिंटिंग सुविधा का इस्तेमाल करते हुए वेब के माध्यम से और टर्मीनॉल का इस्तेमाल करते हुए एलएएन पर सामान्य प्रिंटिंग के लिए अकादमिक भवन के विभिन्न स्थानों में अनेक हेवी ड्यूटी प्रिंटरों अधिष्ठापित हैं। संस्थान में अपने बैठक विडियो कंफरेंस की आवश्यकताओं के लिए पॉलिकम सेटअप है।

संस्थान के दो लाइन इंटरनेट दो सर्विस प्रदाताओं (आईएसपीएस) 128 एमबीपीएस प्रत्येक से लिया गया है और 1 जीबीपीएस नेटवर्क कनेक्टिविटी नेशनॉल नलेज नेटवर्क (एनकेएन) से लिया गया है। संस्थान इंटरनेट नामों और नम्बरर्स (आईआरआईएनएन) के लिए इंडियन रेजिस्ट्री से अपना आईपी पते परिचालना करता है। पूरे परिसर में सभी भवनों में वायरलेस नेटवर्क उपलब्ध हैं। आसीन्क्रोनस डाटा सबस्क्राइबर लाइन (एडीएसएल) के माध्यम से आवासिक क्षेत्र तक इंटरनेट सुविधा बढ़ायी गयी है।

प्रशासनिक कार्य जैसे कि लेखांकन, कार्मिक प्रबंधन, भंडार प्रबंधन पूरी तरह से कंप्यूटरकृत है। अलग अलग सॉफ्टवेयार पैकेजस जैसे कि एमएसऑफिस, विंगस नेट, टॉली और बहुभाषी सॉफ्टवेयार प्रयोग किये जाते हैं।

यह केंद्र समय समय पर प्रासंगिक विषयों पर प्रशिक्षण, कार्यशाला और जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करता है।

7.3 एच्पीसी सुविधा

सांख्य : उच्च निष्पादन कंप्यूटिंग सुविधा

संस्थान में उच्च निष्पादन कंप्यूटिंग (एचपीसी) सुविधा का वातावरण बहुत उन्नत है जिसमें साठ (60) कंप्यूट नोडस, दो (2) मास्टर नोडस , चार (4) आई/ओ नोडस (ओएसएस तथा एमडीएस) और 50 टीबी अबजेक्ट स्टोरेज, क्यूडीआर इनफिनिबैंड इंटरकनेक्ट और 1 जीबीपीएस लोकल एरिया नेटवर्क से समाहित है । इस आधारिक संरचना में दो (2) प्रीसिसन एसी (10 टन रेफरीजेरेटर) होते हैं और यह तीन (3) 40KVA तथा एक (1) 60 KVA यूपीएस के माध्यम से इस सिस्टम को बिजली प्रदान की जाती है। इस सुविधा में 1440 CPU कोरस, 40 NVIDIA Tesla K80 कार्डस और 40 Intel Xeon Phi 7120P समाहित है।

यह सुविधा सीडीएएसी, बेंगालूर द्वारा किये गये सर्वेक्षण के अनुसार भारत में शीर्ष सुपरकंप्यूटरों में से एक है । (जुलाई 2018 रिपोर्ट http://topsc.in)।

7.4 अणुनेट सुविधा

भौतिकी संस्थान में ANUNET पर एक नोड है, ध्वनि और डाटा संचार के लिए VSAT लिंक द्वारा सीधे पऊवि के अन्य यूनिटों से संपर्क करने का प्रावधान है। भूकंपीय निगरानी उपकरण की अधिष्ठापना संस्थान में हुई है और ANUNET का इस्तेमाल करते हुए भूकंपीय आंकड़े के विश्लेषण के लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) को भेजा जाता है।

संस्थान के सदस्यों के अलावा, कंप्यूटर सुविधा का उपयोग ओडिशा के अलग अलग अन्य विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के शोधकर्ताओं के द्वारा अपने शैक्षणिक कार्य के लिए होता है।

7.5 पुस्तकालय

आईओपी पुस्तकालय बड़े पैमाने पर दो अनुभागों में विभाजित हैं- आईओपी संसाधन केंद्र और आईओपी सार्वजनिक पुस्तकालय। आईओपी संसाधन केंद्र का जनादेश है दोनों प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक/डिजिटॉल वैज्ञानिक तथा तकनीकी संसाधनों का चयन करना. आपूर्ति करना, प्रोसेस करना और प्रसार करना है, जो संस्थान के अनुसंधान समुदाय के साथ



दूसरे संगठनों के हितधारकों की आवश्यकता को समय पर और किसी भी संभाव्य उपायों से पूरा करना है। दूसरी ओर, आईओपी का सार्वजनिक पुस्तकालय का लक्ष्य है पूरे परिसर में पढ़ने की संस्कृति और आदत को बढ़ाना और समुदाय की आवश्यकताओं को पूरा करना है।

अत्यावश्यक पुस्तकालय सेवाओं के अलावा, आईओपी पुस्तकालय अन्य सभी सुविधायें प्रदान करता है जैसे रेप्रोग्राफी, प्रिंटिंग, प्रकाशन, विज्ञापन, फटोग्राफी, विडिओग्राफी, दस्तावेज सुपुर्दगी, और अडिटोरियम तथा व्याख्यान भवन सेवा आदि। इनके अलावा, अन्य संबंधित गतिविधियाँ जैसे सम्मेलन/ संगोष्ठी, आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन आईओपी पुस्तकालय द्वारा किया जा रहा है।

पुस्तकालय सुविधा संस्थान के सदस्यों के साथ साथ

दूसरे शैक्षणिक संस्थानों विशेष रुप से उच्च शिक्षा विभाग, ओड़िशा सरकार के तहत रहे संस्थानों के सदस्यों को उपलब्ध कराया जाता है । । पुस्तकालय में उपलब्ध संसाधनों का विवरण पुस्तकालय की पोर्टल http://www.iopb.res.in/~library/ebooks.php. से प्राप्त किया जा सकता है ।

पुस्तकालय सुविधा संस्थान के सदस्यों के साथ साथ दूसरे शैक्षणिक संस्थानों के सदस्यों के लिए उपलब्ध है। पुस्तकालय में 16,684 पुस्तकें, 6000+ई-पुस्तकें, 23,643 बाउंड पत्रिकायें उपलब्ध हैं। पुस्तकालय के लिए 135 जर्नल, 30 पत्रिकायें, और 13 समाचार पत्र मंगाये जाते हैं। पुस्तकालय आईओपी (यूके), जॉन विले, स्प्रिंगर फिजिक्स और एस्ट्रोनोमी, साइंटिफिक अमेरिकॉन, वर्ल्ड साइंटिफिक, एनुअल रिव्यू आर्काइवस (ओजेए) प्राप्त करता है और इलेक्ट्रोनिक फरमाट में खंड 1 से प्रकाशित पिछली पत्रिकाओं को भी मंगाने के लिए व्यवस्था की जाती है। पुस्तकालय गणितविज्ञान और भौतिक विज्ञान में लेक्चर नोटस पर दो ई-पुस्तिका के साथ खंड 1 के साथ 2017 तक प्रकाशित सभी लेखों के साथ पुराने फाइलों के साथ पूर्ण अभिलेखों को मंगाता है । इसके अलावा, हमारा पुस्तकालय परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के कनसोरटियम सहित एलसेवियर साइंस का एक अंश है, इलेक्ट्रोनिक रूप से 1995 से आगे प्रकाशित 2000+ पत्रिकाओं को खरीदता है। इसके अलावा, इ-शोधसिंधु (इएसएस) कनसोरटियम के अंश के रूप में, हम नेशनॉल डिजिटॉल लाईब्रेरी ऑफ इंडिया के तहत वर्ल्ड ईबुक लाईब्रेरी (डब्ल्यूइएल) और साउथ एशिया आर्काइव का उपयोग करते हैं। वर्ल्ड ई-बुक लाईब्रेरी (डब्ल्यूईएल) विश्व का सबसे अधिक संग्रह है जिसमें चालिस लाख से अधिक प्राथमिक स्रोत ईपुस्तिका और मिलियन जर्नल आर्टिकॉल असंख्य डाउनलोडिंग और देखने की सुविधा है। साउथ एशिया आर्काइव (अंतरविषयक प्रसंगों का एक संपदा) पूरे सामाजिक विज्ञान और मानिविकी से विरल प्राथमिक और माध्यमिक स्रोतों के मिलियन पृष्ठों को ऑनलाईन डाउनलोड करने की सुविधा उपलब्ध है।

संस्थान की शैक्षणिक सत्यनिष्ठता को निश्चित कराने के लिए पुस्तकालय आईथेंटिकेट (एंटी-प्लागीरिज्म वेब टूल) खरीदा है और पुस्तकालय पोर्टल http://www.iopb.res.in/~library/plagiarism.php पर संस्थान की आईपी के माध्यम से इसे प्राप्त किया जा सकता है। पुस्तकालय "ग्रामार्ली टूल " को भी खरीदा है (यह उपकरण एक मालिकाना शोध लेखन सॉफ्टवेयार है और साइटेशन अडिट टूल डेलिवरड ऑन क्लाउड जैसे कि ग्रामार्ली इंक, यूएसए द्वारा दी गयी सॉफ्टवेयार सर्विस है) ।

यह पुस्तकालय उपयोगकर्ताओं को संसाधन शेयरिंग कार्यक्रम के तहत देश के अन्य पुस्तकालयों से आलेख दिलाने में सहायता करता है । पुस्तकालय भी डिजिटॉल इंटर लाईब्रेरी लोन के रुप में बाहर के पुस्तकलायों को लेख भेजता है (dill@iopb.res.in)। यह पुस्तकालय ओउिशा में प्रथम पुस्तकालय है जो लिबसिस पुस्तकालय प्रबंधन प्रणाली पर स्वचालित है । इसके बाद केओएचए पुस्तकालय प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस) के जरिए आरएफआईउी आधारित स्मार्ट लाईब्रेरी सल्युशन को परिवर्तित किया गया । यह लगभग सभी प्रकार की पुस्तकालय देखभाल गतिविधियाँ जैसे कि अधिग्रहण, वर्गीकरण, परिचालन और क्रमांक नियंत्रण सहित अटो चेक इन और चेक-आउट सुविधाएँ प्रदान करता है । पुस्तकालय की वेबसाइट @ (https://www.iopb.res.in/~library/>http://10.0.1.16/) पर WEB-OPAC का प्रयोग करके पुस्तकों तथा पत्रिकाओं को ढूँढा जा सकता है ।

इस पुस्तकालय भवन केंद्रीय रूप से वातानुकूलित में अवस्थित है जो उपयोगककर्ताओं की सुविधा के लिए चौबिस घंटा खुला रहता है। पुस्तकालय रेपोग्राफिक सेवाएं प्रदान करता है और प्रकाशन, मुद्रण और संस्थान के विज्ञापन प्रभाग का काम करता है। आईओपी के वैज्ञानिक और अनुसंधान समुदाय के बीच जागरुकता को फैलाने के लिए सभी ई-संसाधन/तकनीकी समर्थ सेवाएं के उचित कार्य और उपयोगी के लिए,प्रशिक्षण सह डेमो सत्र समय समय पर भी आयोजित

किया जा रहा है। यह पुस्तकालय एलआईएस विद्यार्थियों को अध्ययन यात्रा, परियोजना/डिजरेटशन आदि के नाम से विस्तारित सेवा प्रदान करती है।

पुस्तकालय कर्मचारियों द्वारा प्रकाशन

प्रकाशित पत्रिकाओं में शोध निबंध :

1) साहु, जे., मोहांति, बी., साहु, जे., ओ. बिस्वाल दाश, एन.के. और जे.के. साहु (2019) । ब्रचनाकारिता प्रवृत्ति और सामग्री विश्लेषण : पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान पत्रिकाओं में अधिकतर उद्धृत लेखों पर एक अध्ययन । ,परफरमांस मेजरमेंट एंड मेट्रिक्स (पीएमएम) । खंड 21, , संख्या 33-51. डीओआई : https://doi.org/10.1108/PMM-06-2019-0021।

शोध निबंधों के अलावा अन्य प्रकाशन :

1) दाश, एन.के., साहु, जे. और मोहांति, बी.(2019)। पुस्तकालय लेनदेन और विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन के बीच संबंध का रहस्योदघाट्न । आईएनएफएलआईबीएनइटी और केआईआईटी द्वारा आयोजित मोविंग टूवाडर्स स्मार्ट टेक्नोलोजिस, सर्विसेस एंड रिसोर्सेस, 28-30 नवम्बर 19, भुवनेश्वर, आईएसबीएन-978-93-81232-09-5 पृ. सं.386-402।

2) **मोहांति, बी.** (2020) । दिनांक 6-7 फरवरी, 2020, को पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान स्नातकोत्तर विभाग, संबलपुर विश्वविद्यालय में "डिजिटॉल युग में पुस्तकालयों बदलती रूपरेखा "शीर्षक पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में एम आमंत्रित व्याख्याता के रूप में फ्रिलांस लाईब्रेरियन पर एक वार्ता प्रदान किया ।

3) दिनांक 11-8-2019 को इनफरमेटिक्स इंडिया लि. के सहयोग से आरसीएम, भुवनेश्वर में महासचिव, ओडिशा लाईब्रेरी एकाडेमी के रूप में " डिजिटॉल लाईब्रेरी में वर्तमान रुझान " शीर्षक पर एक संगोष्ठी आयोजित किया ।

आईओपी पुस्तकालय को एलआईएस छात्रों का अध्ययन परिभ्रमण

2019 बैच के पीएच.डी. छात्रों को पुस्तकालय के बारे में परिचय प्रदान किया जा रहा है

पुस्तकालय कर्मचारीगण और उनके परिजनों द्वारा डी डी.के. चक्रवर्ती को विदाई देते हुए

7.6 अडिटोरियम

हमारे परिसर में एक अडिटोरियम है, जहां हम नियमित रूप से परिसंवाद, संगोष्ठियाँ, कार्यशालायें, सम्मेलन, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं । इस अडिटोरियम में 330 लोग बैठ सकते हैं । इन कार्यक्रमों का आयोजन के लिए इसमें उच्च गुणवत्ता की सुविधायें उपलब्ध हैं ।

कार्मिक

8.1	संकाय सदस्यों की सूची और उनके अनुसंधान क्षेत्र	:	145
8.2	राष्ट्रीय पोस्ट डॉक्टरॉल फेलो (एनपीडीएफ)	:	146
8.3	पोस्ट डॉक्टरॉल फेलो	:	146
8.4	रिसर्च एसोसीएट	:	146
8.5	डॉक्टरॉल शोधछात्र	:	146
8.6	प्रशासनिक कार्मिक	:	147
8.7	नवनियुक्त सदस्यों की सूची	:	149
8.8	सेवानिवृत्त सदस्यों की सूची	:	149

निदेशकगण

1. प्रो.एस. एम. यूसुफ
निदेशक (23.01.2020 से)

2. प्रो.सुधाकर पंडा
निदेशक (22.01.2020 तक)

8.1. संकाय सदस्यों की सूची और उनकी अनुसंधान विशेषज्ञता

1. **प्रो. अरुण एम. जायण्णवर**
वरिष्ठ प्रोफेसर
संघनित पदार्थ भौतिकी (सिद्धांत)
2. **प्रो. एस. एम. भट्टाचारजी** *(01.05.2019 तक)*
वरिष्ठ प्रोफेसर
संघनित पदार्थ भौतिकी (सिद्धांत)
3. **प्रो. अजित मोहन श्रीवास्तव**
प्रोफेसर
उच्च ऊर्जा भौतिकी (सिद्धांत)
4. **प्रो. सीखा वर्मा**
प्रोफेसर
संघनित पदार्थ भौतिकी (प्रयोग)
5. **प्रो.पंकज अग्रवाल**
प्रोफेसर
उच्च ऊर्जा भौतिकी (सिद्धांत)
6. **प्रो. बिजु राजा शेखर**
प्रोफेसर
संघनित पदार्थ भौतिकी (प्रयोग)
7. **प्रो. पी. वी. सत्यम**
(18.02.2020 से लियन पर*)*
प्रोफेसर
संघनित पदार्थ भौतिकी (प्रयोग)
8. **प्रो. सुदिप्त मुखर्जी**
प्रोफेसर
उच्च ऊर्जा भौतिकी (सिद्धांत)
9. **प्रो. सुरेश कुमार पात्र**
प्रोफेसर
नाभिकीय भौतिकी (सिद्धांत)
10. **प्रो. तपोब्रत सोम**
प्रोफेसर
संघनित पदार्थ भौतिकी (प्रयोग)
11. **डॉ. गौतम त्रिपाठी**
रीड़र-एफ
संघनित पदार्थ भौतिकी (सैद्धांतिक)
12. **प्रो. प्रदीप कुमार साहु**
प्रोफेसर
नाभिकीय भौतिकी (सिद्धांत)
13. **डॉ. दिनेश तोपवाल**
रीड़र-एफ
संघनित पदार्थ भौतिकी (प्रयोग)
14. **डॉ. संजीव कुमार अगरवाला**
एसोसीएट प्रोफेसर
उच्च ऊर्जा भौतिकी (सिद्धांत)
15. **डॉ. अरिजित साहा**
रीड़र-एफ
संघनित पदार्थ भौतिकी (सिद्धांत)
16. **डॉ. सप्तर्षि मंडल**
रीड़र-एफ
संघनित पदार्थ भौतिकी (सिद्धांत)
17. **डॉ. सत्यप्रकाश साहु**
रीड़र-एफ
संघनित पदार्थ भौतिकी (प्रयोग)
18. **डॉ. अरुण कुमार नायक**
रीड़र-एफ
उच्च ऊर्जा भौतिकी (प्रयोग)

19. **डॉ. देवाशिष चौधूरी**
रीड़र-एफ
संघनित पदार्थ भौतिकी (सिद्धांत)
20. **डॉ.शामिक बनर्जी**
रीड़र-एफ
उच्च ऊर्जा भौतिकी (सिद्धांत)
21. **डॉ.देबकांत सामल**
रीड़र-एफ
संघनित पदार्थ भौतिकी (प्रयोग)
22. **डॉ.देबोत्तम दास**
रीड़र-एफ
उच्च ऊर्जा भौतिकी (सिद्धांत)
23. **डॉ.एम. एम. मित्रा**
रीड़र-एफ
उच्च ऊर्जा भौतिकी (सिद्धांत)
24.. **डॉ. कीर्तिमान घोष**
रीड़र-एफ
उच्च ऊर्जा भौतिकी (सिद्धांत)

8.2. नेशनॉल पोस्ट डॉक्टरॉल फेलो (एनपीडीएफ)

1. **सिद्धार्थ एस. राम** *(*प्रो. पी. वी. सत्यम के तहत दिनांक *4* अप्रैल *2017* को कार्यभार ग्रहण किया)
2. **सौम्या सी** (एसो. प्रो. एस.के. अग्रवाला के तहत दिनांक *11* फरवरी *2020* कार्यभार ग्रहण किया)

8.3. पोस्ट डॉक्टरॉल फेलो

1. डॉ. शक्ति शंकर आचार्य
2. डॉ. भाष्कर चंद्र बेहेरा
3. डॉ. सौम्या सी (*03.01.2020* तक)
4. डॉ. तपोजा झा
5. डॉ. मिनती बिस्वाल
6. डॉ.निराकार साहु
7. डॉ.बिप्लब भट्टाचारजी
8. डॉ.सुधीर
9. डॉ.सितेंद्र प्रताप कस्यप
10. डॉ.मनप्रीत कौर

8.4. अनुसंधान सहायक

1. अमित कुमार
2. बिश्वजित दास
3. गणेश चंद्र पाउल
4. परास पाउल
5. सुजय शील
6. विजगिरि विकास

8.5. डॉक्टरॉल शोधछात्र

1. अभिषक रॉय
2. आईशा खातुल
3. अकित कुमार
4. अर्णव कुमार घोष
5. अर्पण सिन्हा
6. चित्रक करन
7. हरिश्च चंद्र दास
8. मौसम चरण साहु
9. प्रज्ञा पर्शु स्वांई
10. रितम कुंडु
11. सच्चिन चौहान
12. समीर कुमार मल्लिक
13. संध्यारानी साहु
14. सिद्धार्थ प्रसाद महारथी
15. सुदीप्ता दास
16. बिभावसु दे
17. चिन्मय कुमार पंडा
18. दिवाकर
19. प्रांजल पांडे
20. रुपम मंडल
21. सैयद आशांजुमान
22. रोजालिन पधान
23. राहुल रॉय
24. गुप्तेश्वर साबत

25. अभिषेक बाग
26. अवनिश
27. देबज्योति मजमूदार
28. सयन जाना
29. शुभद्वीप जाना
30. विनयकृष्ण एम. बी.
31. सुदर्शन साहा
32. अप्लन दत्ता
33. अमीर शी
34. अतनु मैती
35. दिव्येंदु रणा
36. दिलरुबा हासिना
37. हनि खिंडरी (आईएनओ परियोजना विद्यार्थी)
38. अनिल कुमार (आईएनओ परियोजना विद्यार्थी)
39. सदाशिव साहु (आईएनओ परियोजना विद्यार्थी)

8.6. प्रशासनिक कार्मिक

श्री आर.के. रथ, रजिस्ट्रार

(i) निदेशक का कार्यालय :

1. बिर किशोर मिश्र
2. लिपिका साहु
3. राजन बिस्वाल
4. सुधाकर प्रधान

(ii) रजिस्ट्रार का कार्यालय

1. अभिषेक महारिक
2. अभिमन्यु बेहेरा

(iii) स्थापना अनुभाग

1. एम. वी. वांजीश्वरन
2. भगबान बेहेरा
3. बाउला टुडु
4. सौभाग्य लक्ष्मी दास
5. घनश्याम प्रधान
6. समरेंद्र दास
7. प्रदीप कुमार नायक
8. गंधर्ब बेहेरा

(iv) परिवहन अनुभाग

1. प्रमोद कुमार सेनापति
2. सनातन जेना
3. सरत चंद्र प्रधान
4. जहांगीर खान
